एनसीवीईटी परिषद्

की 11वीं बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक : 31 मई, 2024

समय : 12.30 बजे अपराह्न

स्थान : चौथी मंजिल, कौशल भवन, एनसीवीईटी

फाइल सं: 360004/04/2020/एनसीवीईटी
राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद्
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार

राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद् की दिनांक 31 मई, 2024 को आयोजित 11वीं बैठक का कार्यवृत्त

राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद् (एनसीवीईटी) की 11वीं परिषद् बैठक दिनांक 31 मई, 2024 को डॉ. निर्मलजीत सिंह कलसी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में भाग लेने वाले परिषद् सदस्यों और अन्य प्रतिभागियों की सूची **अनुबंध-I** पर है।

प्रारंभ में, अध्यक्ष महोदय ने श्री अभिषेक सिंह, अपर सचिव, इलैक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) का स्वागत किया, जिन्हें दिनांक 17 मई, 2024 के एमएसडीई के आदेश सं. 31/1/2024-ईओ (एसएम.I)-02 के तहत एनसीवीईटी परिषद् के गैर-कार्यकारी सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।

परिषद् द्वारा बैठक में विचार-विमर्श की गई कार्यसूची मदों और लिए गए निर्णयों को आगे के पैरा में दिया गया है।

कार्यसूची मद 1: एनसीवीईटी परिषद् की दिनांक 21 फरवरी, 2024 को हुई 10वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि

1.1 परिषद् को अवगत कराया गया कि परिषद् की 10वीं बैठक के कार्यवृत्त परिचालित कर दिए गए थे और कोई भी टिप्पणियां प्राप्त नहीं हुई थी।

1.2 परिषद् ने दिनांक 21 फरवरी, 2024 को हुई 10वीं एनसीवीईटी परिषद् की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की।

कार्यसूची मद 2: 10वीं परिषद् बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई रिपोर्ट

2.1 परिषद् के समक्ष, 10वीं एनसीवीईटी परिषद् की बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया।

2.2 **परिषद् ने की गई कार्रवाई को नोट किया और उसे अनुमोदित किया।** सभी कार्रवाई बिन्दुओं की अनुपालना की स्थिति **अनुबंध-II** पर है।

कार्यसूची मद 3: परिषद् द्वारा पात्र अवार्डिंग निकायों और मूल्यांकन एजेंसियों को मान्यता प्रदान करने के लिए अधिकार प्राप्त समिति के निर्णयों की पुष्टि

3.1 परिषद् के समक्ष पात्र अवार्डिंग निकायों (एबी) और मूल्यांकन एजेंसियों (एए) को दिनांक 23 मई, 2024 की स्थिति अनुसार प्रदान की गई मान्यता की स्थिति प्रस्तुत की गई। प्रस्तावों की विस्तृत स्थिति क्रमश: **अनुबंध-III** और **अनुबंध-IV** में दी गई है। एबी और एए प्रस्तावों की मान्यता के लिए सार नीचे दिया गया है:

क्र.सं.	मान्यता प्रक्रिया के चरण	एबी	एए	कुल
1.	आवेदक निकायों से प्राप्त आवेदनों की कुल सं.	183	208	391
2.	आवेदक निकाय द्वारा वापस लिए गए आवेदनों/ प्रस्तावों की सं.	21	51	72
3.	एनसीवीईटी के विचाराधीन आवेदन	162	157	319
4.	आवेदक निकायों से प्राप्त अनुरोधों की पुन: शड्यूलिंग अथवा आवेदक निकायों से प्रतीक्षित सूचना के कारण जांच अधीन और प्रक्रिया अधीन आवेदन	14	08	22
5.	जिन आवेदनों में जांच और मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है	148	149	297
5.1	आवेदक निकाय के नियमित मान्यता प्रदान करने के लिए हस्ताक्षरित करार/ जारी एनओआर	97*	65	162
5.2	आवेदक निकाय को जारी एनओआई और प्रदत्त अनंतिम मान्यता	16	01	17
5.3	आयोजित की गई उप-समिति बैठकें। तथापि, आवेदक निकाय से टिप्पणियों की अनुपालना प्रतीक्षित है।	07	01	08

5.4	विस्तृत जांच और मूल्यांकन के दौरान पात्र न पाए गए आवेदन	28	82	110

*कुल 97 में 4 संस्थाएं, जो मान्यता के पत्र (एलओआर) जारी करके मानित एबी - दोहरी श्रेणी के रूप में मान्य की गई हैं, शामिल हैं।

3.2 परिषद् ने उपरोक्त पैरा 3.1 के तहत दी गई तालिका के अनुसार प्रस्तावों की मान्यता की उपरोक्त स्थिति पर प्रगति को नोट किया और अनुमोदित किया तथा अब तक अवार्डिंग निकायों और मूल्यांकन एजेंसियों को प्रदान की गई मान्यता की पुष्टि की गई, जो क्रमश: अनुबंध-III और अनुबंध-IV में है।

कार्यसूची मद 4: विकसित किए गए और अंतिम रूप दिए गए दिशा-निर्देशों, नीतियों और एसओपी से संबंधित स्थिति की सूचना और पुष्टि

4.1 वीईटीएस में शैक्षणिक क्रेडिट बैंक की स्थापना और प्रचालनीकरण के लिए दिशा-निर्देश

4.1.1 परिषद् को अवगत कराया गया कि **राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क** को सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है और यूजीसी द्वारा 10 अप्रैल, 2023 को उसकी पुष्टि की गई है *(https://www.ugc.gov.in/Ncrf.aspx.)* । तदोपरांत, एनसीवीईटी द्वारा 12 मई, 2023 को एनसीआरएफ को भी अपनाया गया है। एनसीआरएफ में शैक्षणिक, व्यावसायिक/ कौशल और अनुभवजन्य शिक्षण सहित सभी शिक्षण और क्रेडिट का मूल्यांकन, संचयन, भंडारण, हस्तांतरण एवं रिडेम्पशन के मूल्यांकन के अध्यधीन प्रदान किया गया है। इसमें विषय के बीच अंतर को दूर किया गया है और व्यावसायिक व सामान्य शिक्षा के बीच शैक्षणिक समतुल्यता की स्थापना की गई है, जबकि उनके भीतर और उनके बीच गतिशीलता को सक्षम बनाया गया है।

4.1.2 समिति को यह भी अवगत कराया गया कि **अध्यक्ष, राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद् (एनसीवीईटी) की सह-अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) गठित की गई है** ताकि एनसीआरएफ के प्रचालनीकरण और कार्यान्वयन पर नजर रखी जा सके।

शैक्षणिक क्रेडिट बैंक (एबीसी) एनसीआरएफ के कार्यान्वयन और प्रचालन के लिए एक एकीकृत घटक है। एबीसी एक डिजिटल रिपोजिटरी है जिसमें छात्रों/ शिक्षार्थियों द्वारा अपनी शैक्षणिक यात्रा के दौरान अर्जित किए गए क्रेडिट की सूचना स्टोर की जाती है। इसमें यह अनिवार्य हो जाता है कि मान्यता प्राप्त अवार्डिंग निकाय अपने क्रेडेंशियल और छात्रों/ शिक्षार्थियों को पंजीकृत करता है।

4.1.3 राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के समावेशी सिद्धांत और एनसीआरएफ के प्रावधानों के अनुसरण में **व्यावसायिक शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल (वीईटीएस में शैक्षणिक क्रेडिट बैंक की स्थापना और प्रचालन दिशा-निर्देशों** के लिए प्रारूप अधिसूचना तैयार की गई थी और सार्वजनिक परामर्श के लिए रखी गई तथा साथ ही, परिषद् के सदस्यों के साथ उनके इनपुट के लिए साझा की गई थी। प्राप्त टिप्पणियों को समुचित रूप से शामिल किया गया और अंतिम एबीसी दिशा-निर्देशों को एनसीवीईटी वेबसाइट पर डाला गया है।
लिंक:https://ncvet.gov.in/wp-content/uploads/2024/05/Guidelines-for-Establishment-and-Operation-of-Academic-Bank-of-Credit-in-VETS-May-2024.pdf

4.1.4 **परिषद् ने संतुष्टि के साथ प्रगति को नोट किया और अधिसूचना के लिए उसकी पुष्टि की गई।**

4.2 प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण (टीओटी) और मूल्यांकनकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण (टीओटी) दिशा-निर्देश

4.2.1 परिषद् को अवगत कराया गया कि प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण (टीओटी) और मूल्यांकनकर्ताओं के प्रशिक्षण (टीओए) के लिए व्यापक दिशा-निर्देशों को हितधारकों के साथ व्यापक विचार विमर्श करने (21 दिनों के सार्वजनिक परामर्श सहित) और हितधारकों तथा जनता से प्राप्त टिप्पणियों को समुचित रूप से शामिल करने के बाद, एनसीवीईटी द्वारा विकसित किया गया है। ये दिशा-निर्देश मानकीकृत प्रक्रियाओं और पद्धतियों को स्थापित करते हैं ताकि कुशल मूल्यांकनकर्ताओं/ मास्टर मूल्यांकनकर्ताओं और प्रशिक्षकों/ मास्टर

प्रशिक्षकों का एक पूल वीईटीएस व्यवस्था में तैयार कर सके। इस मानकीकरण से प्रक्रियाओं के सरलीकरण, अस्पष्टता में कमी और दक्षता में वृद्धि करने में मदद मिलेगी।

4.2.2 टीओटी और टीओए के लिए अंतिम दिशा-निर्देश क्रमश: दिनांक 01 फरवरी, 2024 और 27 मार्च, 2024 को एनसीवीईटी की वेबसाईड पर अधिसूचित किए गए हैं और निम्नलिखित यूआरएल पर उपलब्ध हैं:

टीओटी के लिए लिंक: chrome-https://ncvet.gov.in/wp-content/uploads/2024/02/ToT-Guidelines.pdf

टीओटी के लिए लिंक : chrome-https://ncvet.gov.in/wp-content/uploads/2024/03/ToA-Guidelines_final.pdf

4.2.3 परिषद् ने संतुष्टि के साथ प्रगति को नोट किया और उसकी पुष्टि की।

4.3 दिव्यांगजनों के लिए व्यापक सुगम्यता मानकों के प्रावधान के लिए दिशा-निर्देश।

4.3.1 परिषद् को यह सूचित किया गया कि एनसीवीईटी ने एनईपी 2020 में यथा-परिकल्पित समावेशिता के सिद्धांत में सुविधा के लिए **"दिव्यांगजनों के प्रशिक्षण के लिए व्यापक सुगम्यता मानकों के प्रावधान के लिए दिर्शा-निर्देश"** तैयार किया है। इससे कौशल पारिस्थितिकी तंत्र में, विशेष रूप से दिव्यांग शिक्षार्थियों के लिए सुगम्यता मानदंडों का मानकीकरण होगा, जिससे अनुकूल वातावरण का सृजन करने, सीखने की बाधाओं को दूर करने तथा दिव्यांगजनों को उनकी पूर्ण क्षमता तक पहुंचने में सक्षम बनाने के लिए प्रावधान किए जाएंगे और साथ ही पहुंच और अवसर सुनिश्चित किए जाएंगे।

4.3.2 इसके अलावा, दिनांक 11 जनवरी, 2024 को दिव्यांगजन जीवन का जश्न बनाने के लिए पर्पल फेस्ट - एक अंतरराष्ट्रीय समारोह में सार्वजनिक परामर्श के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। और साथ ही **डीईपीडब्ल्यूडी की वेबसाइट और पीएम दक्ष पोर्टल** के साथ-साथ **एनसीवीईटी की वेबसाइट** पर भी प्रकाशित किए गए थे। प्राप्त टिप्पणियां दिशा-निर्देशों में समुचित रूप से शामिल कर ली गई हैं।

4.3.3 "दिव्यांग जनों के प्रशिक्षण के लिए व्यापक सुगम्यता मानकों के प्रावधानों के लिए दिशा-निर्देश" https://ncvet.gov.in/wp-content/uploads/2024/05/SOP-for-Development Alignment-Implementation-of-Skill-Based-Courses.pdf पर उपलब्ध हैं।

4.3.4 परिषद् ने संतुष्टि के साथ प्रगति को नोट किया और उसकी पुष्टि की।

4.4. उच्चतर शिक्षा और स्कूली शिक्षा में कौशल आधारित पाठ्यक्रमों/ व्यावसायिक शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल (वीईटीएस) अर्हताओं के विकास, संरेखण और कार्यान्वयन के लिए एसओपी

4.4.1 परिषद् को यह अवगत कराया गया कि एनसीआरएफ में यह प्रावधान हैं कि यूजी/पीजी कार्यक्रम की कुल क्रेडिट आवश्यकताओं का 50 प्रतिशत तक उपयुक्त एनसीआरएफ स्तरों के कौशल आधारित पाठ्यक्रमों/अर्हताओं से पूरा किया जा सकता है और यह कि **उच्चतर/स्कूल शिक्षा में कौशल आधारित पाठ्यक्रमों/अर्हताओं को शामिल करने और क्रेडिट प्रदान करने** के लिए प्रयास किए जा रहे हैं ताकि छात्रों को समग्र शिक्षा सुनिश्चित हो सके।

4.4.2 तदनुसार, एनसीआरएफ के प्रावधानों के अनुसार, सभी विश्वविद्यालय/ एचईआई/ स्कूल बोर्ड को अपने पाठ्यक्रमों में वीईटीएस आधारित पाठ्यक्रमों/ अर्हताओं को एकीकृत करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि छात्रों के लिए समग्र शिक्षा सुनिश्चित हो सके। उच्चतर और स्कूल शिक्षा में कौशल आधारित पाठ्यक्रमों को कार्यान्वित करने के लिए एक एसओपी तैयार की गई है और इसे दिनांक 15 मार्च, 2024 को हुई राष्ट्रीय कौशल अर्हता समिति (एनएसक्यूसी) की 36वीं बैठक में अनुमोदन प्रदान किया गया है। एसओपी में वीईटीएस में एनसीआरएफ के प्रचालनीकरण के लिए एसओपी के अन्तर्गत प्रदत्त दिशा-निर्देशों और प्रावधानों को कार्यान्वित किया जाएगा और उन्हें इसके कार्यान्वयन के लिए आगे सुदृढ़ बनाया जाएगा। एसओपी द्वारा उच्चतर और स्कूली शिक्षा में कार्यान्वयन के लिए अर्हताओं को आसानी से डिजाइन करने और विकसित करने के लिए एबी का मार्गदर्शन भी किया जाएगा।

4.4.3 उच्चतर शिक्षा और स्कूली शिक्षा में कौशल आधारित पाठ्यक्रमों/ व्यावसायिक शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल (वीईटीएस) अर्हताओं के विकास, संरेखण और कार्यान्वयन के लिए विस्तृत

एसओपी https://ncvet.gov.in/wp-content/uploads/2024/05/SOP-for-Development-Alignment-Implementation-of-Skill-Based-Courses.pdf पर उपलब्ध है।

4.4.4 इसके अलावा, समिति को यह अवगत कराया गया कि मान्यता प्राप्त अवार्डिंग निकायों के साथ साथ एमएनसी/ ओईएम और अग्रणी उद्योग उद्यमों के उच्चतर शिक्षा में यूजीसी/ एआईसीटीई के माध्यम से एनएसक्यूएफ संरेखित और अनुमोदित पाठ्यक्रमों/ अर्हताओं सहित कौशल आधारित पाठ्यक्रमों/ अर्हताओं को शामिल करने के लिए कार्रवाई पहले ही शुरु कर दी गई है। इसके अलावा, अन्य अवार्डिंग निकाय भी अन्य एचईआई के अलावा, जो स्वयं मान्यता प्राप्त अवार्डिंग निकाय बन रहे हैं, एचईआई/ विश्वविद्यालयों में प्रस्तावित किए जा रहे उपयुक्त विभिन्न क्षेत्रों में पाठ्यक्रम/ अर्हताएं विकसित कर रहे हैं।

4.4.5 परिषद् ने संतुष्टि के साथ प्रगति को नोट किया और उसकी पुष्टि की।

कार्यसूची मद 5: भारत के शासकीय राजपत्र में एनसीवीईटी परिषद् द्वारा विकसित और अनुमोदित दिशा-निर्देशों की राजपत्र अधिसूचना

5.1 परिषद् को यह अवगत कराया गया कि भारत सरकार, एमएसडीई द्वारा दिनांक 5 दिसंबर, 2018 की अधिसूचना सं. एसडी-17/113/2017-ईएंडपीडब्ल्यू के तहत अधिसूचित राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद् (एनसीवीईटी) को इसके कार्यों के निर्वहन के लिए और भारत के शासकीय राजपत्र में एनसीवीईटी के सभी दिशा-निर्देशों (पैरा 1 (परिभाषाएं), (xiii) को अधिसूचित करने के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए अधिकृत किया गया है (अधिसूचना के पैरा 19 के अनुसार)।

5.2 अत: सभी एनसीवीईटी परिषद् अनुमोदित दिशा-निर्देशों को एनसीवीईटी द्वारा भारत के शासकीय राजपत्र में अधिसूचित करना आवश्यक और अनिवार्य है। दिशा-निर्देशों का ब्यौरा, जिन्हें एनसीवीईटी द्वारा तैयार किया गया है, जिनमें अभी तक निम्नलिखित सभी विधिवत उल्लिखित प्रक्रिया का पालन करते हुए तैयार किया गया है :

क्र.सं.	**दिशानिर्देश**	सार्वजनिक परामर्श की	परिषद् द्वारा अनुमोदन की तिथि

		तिथियां	
क)	राष्ट्रीय कौशल अर्हता फ्रेमवर्क - 2023	26/12/2022	17/08/2023 (9वीं परिषद् बैठक)
ख)	शिकायत निवारण तंत्र पर दिशानिर्देश	08/09/2021	17/08/2023 (9वीं परिषद् बैठक)
ग)	शिक्षण पूर्व मान्यता के लिए दिशानिर्देश	20/02/2023	20/03/2023 (8वीं परिषद् बैठक)
घ)	व्यावसायिक शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल के लिए मिश्रित शिक्षण के दिशानिर्देश	05/04/2022	13/07/2022 (6वीं परिषद् बैठक)
ड.)	बहु कौशल - क्रास सेक्टर कौशल के लिए दिशानिर्देश	18/02/2022	17/082023 (9वीं परिषद् बैठक)
च)	राष्ट्रीय व्यावसायिक मानकों (एनओएस) और माइक्रो क्रेडेंशियल (एमसी) के विकास, अनुमोदन और उपयोग के लिए दिशानिर्देश	06/06/2022	20/03/2023 (8वीं परिषद् बैठक)
छ)	व्यावसायिक शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल में डिप्लोमा अर्हताओं के लिए दिशानिर्देश	15/05/2023	17/08/2023 (9वीं परिषद् बैठक)
ज)	बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) और प्रमुख भारतीय उद्यमों के कौशल और प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों और अर्हताओं को क्रेडिट प्रदान करने के लिए दिशानिर्देश	23/07/2023	17/08/2023 (9वीं परिषद् बैठक)
झ)	प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण (टीओटी)* के लिए दिशानिर्देश	03/07/2023	31 मई 2024 (11वीं परिषद् बैठक)
ञ.)	मूल्यांकनकर्ताओं के प्रशिक्षण (टीओए)* के लिए दिशानिर्देश	11/07/2023	31 मई 2024 (11वीं परिषद् बैठक)
ट)	वीईटीएस* में शैक्षणिक क्रेडिट बैंक की स्थापना और प्रचालनीकरण पर दिशानिर्देश	02/04/2024	31 मई 2024 (11वीं परिषद् बैठक)
ठ)	दिव्यांग जनों के प्रशिक्षण के लिए व्यापक सुगम्यता मानकों के प्रावधान के लिए दिशानिर्देश*	11/01/2024	31 मई 2024 (11वीं परिषद् बैठक)

ड)	अवार्डिंग निकायों द्वारा अर्हताओं के अंगीकरण के लिए दिशानिर्देश	22/02/2022	16 मार्च 2022 (5वीं परिषद् बैठक)

****दिशानिर्देशों को 11वीं परिषद् बैठक में परिषद् द्वारा पुष्टि के लिए रखा गया।***

5.3 दिशानिर्देशों को भारत के राजपत्र में अधिसूचित करने के लिए, एनसीवीईटी ने दिनांक 10/01/2024 के ईमेल के तहत इसका नाम ई-गजट पोर्टल में शामिल करने/जोड़ने के लिए "एनआईसी हेल्पडेस्क" से अनुरोध किया था ताकि यह अपने संगठनों का पंजीकरण आगे पूरा कर सके और इसके दिशानिर्देशों/ सामग्रियों को ई-पब्लिकेशन के लिए प्रस्तुत कर सके। तदोपरांत, "प्रकाशन विभाग" के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मामले पर पत्राचार भी शुरु किया गया था।

5.4 प्रकाशन विभाग ने एनसीवीईटी को यह परामर्श दिया था कि वे "भारत के राजपत्र के विभिन्न भागों के विशिष्ट ई-पब्लिकेशन के संबंध में संशोधित निर्देश" के "भाग III, खंड 4" के अन्तर्गत पंजीकरण के लिए आवेदन करें। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि संबंधित मंत्रालय से इस संबंध में एक बारगी सिफारिश पर एमएसडीई को एनसीवीईटी के पंजीकरण की जरूरत पड़ेगी।

5.5 तदनुसार, एमएसडीई से एनसीवीईटी को भारत के शासकीय राजपत्र में दिशा-निर्देशों के प्रकाशन के लिए अधिकृत एक संस्था के रूप में शामिल करने के लिए प्रकाशन विभाग को पत्र लिखा जाना है ताकि एनसीवीईटी एक राष्ट्रीय नियामक के रूप में वीईटी के लिए अपनी बाध्यता को पूरा कर सके और इसकी स्वतंत्रता और कार्यात्मक स्वायत्ताता सुनिश्चित हो सके।

परिषद् ने प्रगति को नोट किया और कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय से प्राथमिकता आधार पर प्रकाशन विभाग को राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद् (एनसीवीईटी) का नाम शामिल करने के लिए एक बार सिफारिश भेजने का अनुरोध किया ताकि दिनांक 05.12.2018 को एनसीवीईटी संकल्प के तहत यथा-प्रदत्त राजपत्र अधिसूचना की प्रक्रिया पूरी कर सके।

कार्यसूची मद 6: दिशानिर्देशों का अनुमोदन, जिन्हें सार्वजनिक परामर्श के बाद और उपयुक्त रूप से टिप्पणियों को शामिल करके अन्तिम रूप दिया गया है।

6.1 डिजिटल कंटेंट तैयार करने और गुणवत्ता फ्रेमवर्क के लिए दिशानिर्देश

6.1.1 परिषद् को यह सूचित किया गया कि एनसीवीईटी ने डिजिटल कंटेंट के निर्माण और गुणवत्ता फ्रेमवर्क के लिए दिशानिर्देश विकसित किए हैं ताकि मिश्रित शिक्षण कार्यक्रमों में कंटेंट की गुणवत्ता और सुलभता बढ़ सके और एक परिवर्तनीय प्रभाव डालने के लिए उच्च गुणवत्ता का, आकर्षक और शिक्षार्थी केन्द्रित कंटेंट तैयार किया जा सके। ये दिशानिर्देश एक ऐसी रणनीति तैयार करने पर बल देते हैं, जो धीरे-धीरे एक व्यापक कंटेंट रिपोजिटरी तैयार हो सके और वीईटीएस कंटेंट के लिए मार्केटप्लेस प्रदान किया जा सके।

6.1.2 तदनुसार, 21 दिनों के सार्वजनिक परामर्श के लिए एनसीवीईटी वेबसाइट पर दिशानिर्देश उपलब्ध कराए गए थे और विभिन्न हितधारकों से प्राप्त सभी संगत सुझाव और टिप्पणियां तथा सार्वजनिक परामर्श के दौरान प्राप्त सुझावों पर विधिवत विचार किया गया है और उन्हें उपयुक्त रूप से शामिल किया गया है तथा दिशानिर्देशों को अंतिम रूप दिया गया है।

6.1.3 परिषद् ने प्रगति को नोट किया और **"डिजिटल कंटेट निर्माण तथा गुणवत्ता फ्रेमवर्क" दिशानिर्देशों को अधिसूचना के लिए अनुमोदित किया।**

6.1.4 परिषद् ने भी परिषद् सदस्य श्री गोविंद जायसवाल, संयुक्त सचिव, उच्चतर शिक्षा से बैठक के कार्यसूची पर प्राप्त ई-मेल टिप्पणियों को नोट किया और सहमति दी, जिसमें स्वयं प्लस प्लेटफार्म जैसी उपलब्ध शिक्षण प्रबंधन प्रणालियों (एलएमएस) का उपयोग करने के लिए सशक्त समर्थन किया गया ताकि पहुंच बढ़ सके और छात्रों/ शिक्षार्थियों को सहायता मिल सके, जो दिशानिर्देशों में यथा-उल्लिखित किसी वास्तविक केन्द्र तक पहुंचने में असमर्थ हैं।

6.2 एनसीवीईटी के आंतरिक प्रयोग के लिए सूचना और डेटा सुरक्षा के लिए दिशानिर्देश

6.2.1 परिषद् को यह अवगत कराया गया कि एनसीवीईटी ने हितधारकों के आंतरिक प्रयोग के लिए सूचना और डेटा सुरक्षा पर दिशानिर्देश विकसित किए हैं। इस दिशानिर्देश में कर्मचारियों और व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे व्यक्तियों की व्यक्तिगत सूचना, मूल्यांकन परिणामों, मान्यता विवरणों और विभिन्न अन्य गोपनीय रिकॉर्ड की सुरक्षा को शामिल किया जाएगा।

इसके अलावा, शैक्षणिक और प्रशिक्षण प्रक्रियाओं के डिजिटाइजेशन को देखते हुए, मजबूत "सूचना और डेटा सुरक्षा" उपाय सुनिश्चित करना आवश्यक है ताकि डेटा उल्लंघनों, अनधिकृत पहुंच और ऐसे साइबर खतरों के लिए संरक्षण हो सके, जिससे कि एनसीवीईटी द्वारा देखने में आई गतिविधियों के विश्वास और प्रभावकारिता से समझौता होता है।

6.2.2 "प्रारूप सूचना और डेटा सुरक्षा दिशानिर्देश" दिनांक 04.03.2024 से 25.03.2024 तक 21 दिनों के सार्वजनिक परामर्श के लिए एनसीवीईटी की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए थे।

6.2.3 विभिन्न हितधारकों से और सार्वजनिक परामर्श के दौरान प्राप्त संगत सुझावों और टिप्पणियों पर विधिवत विचार किया गया है और अन्तिम दिशानिर्देशों में उपयुक्त रूप से शामिल किया गया है। दिशानिर्देशों को कार्यान्वयन के लिए **एनसीवीईटी द्वारा अन्तिम रूप दिया गया है और अधिसूचित किया गया है**। दिशानिर्देशों को एनसीवीईटी के अधिदेश के अनुसार भारत के शासकीय राजपत्र में प्रकाशित किया जाएगा। दिशानिर्देशों का लिंक *https://ncvet.gov.in/wpcontent/uploads/2024/05/Guidelines_for_Information_and_Data_Security.pdf* पर है।

6.2.4 **परिषद् ने संतुष्टि के साथ प्रगति को नोट किया और उसकी पुष्टि की।**

6.3 "संचार प्रोटोकोल के लिए प्रचालनात्मक दिशानिर्देश" के विकास की स्थिति पर सूचना

6.3.1 परिषद् को यह अवगत कराया गया कि एनसीवीईटी ने एनसीवीईटी और उसके मान्यता प्राप्त निकायों के कामकाज के संबंध में सूचना के प्रमुख पहलुओं को देखने के लिए **"संचार प्रोटोकोल के लिए प्रचालनात्मक दिशानिर्देश"** विकसित किए हैं। इससे **संचार के एकीकृत दृष्टिकोण को देखने और तैयार करने** के लिए मदद मिलती है, जिससे विभिन्न संचार माध्यमों से स्पष्टता, एकता और निरंतरता को बढ़ावा मिलता है।

6.3.2 दिशानिर्देशों का उद्देश्य एक संगठन में विभिन्न पहलुओं पर प्रभावी संचार प्रदान करना है। ये दिशानिर्देश आन्तरिक और बाहरी संचार में सुधार लाने, ब्रांड की पहचान और प्रतिष्ठा बढ़ाने तथा भ्रम और गलतफहमी से बचने के लिए तैयार किए गए हैं।

6.3.3 प्रारूप दिशानिर्देशों को 21 दिनों के लिए सार्वजनिक परामर्श हेतु एनसीवीईटी की वेबसाइट पर रखा गया था। विभिन्न हितधारकों से और सार्वजनिक परामर्श के दौरान प्राप्त संगत सुझावों और टिप्पणियों पर विधिवत विचार किया गया है और अन्तिम दिशानिर्देशों में उपयुक्त रूप से शामिल किया गया था। परिषद् को एनसीवीईटी के अधिदेश के अनुसार भारत के शासकीय राजपत्र में अधिसूचना सहित संचार प्रोटोकोल के लिए प्रचालनीय दिशानिर्देश अनुमोदित करने के लिए प्रस्ताव किया गया था।

6.3.4 अन्तिम दिशानिर्देशों का लिंक *https://ncvet.gov.in/wp-content/uploads/2024/05/Draft-Operational-Guidelines-For-Communication-Protocol.pdf* पर है।

6.3.5 परिषद् ने अत्यावश्यक दिशानिर्देशों की पहल की सराहना की और समुचित संशोधन के साथ कार्यान्वयन हेतु संबंधित मंत्रालयों में विचार के लिए माननीय सदस्यों के साथ साझा करने के लिए कहा गया।

6.3.6 परिषद् ने दिशानिर्देशों और अधिसूचना को अनुमोदन प्रदान किया।

कार्यसूची मद 7: सार्वजनिक परामर्श और टिप्पणियों को शामिल करने के बाद दिशानिर्देशों के अन्तिम निपटान की प्रक्रिया की स्थिति की सूचना

7.1 वर्ष 2020 में प्रकाशित अवार्डिंग निकायों की मान्यता और विनियमन के लिए दिशानिर्देशों में व्यापक संशोधन।

7.1.1 परिषद् को संक्षेप में बताया गया कि अवार्डिंग निकायों को दिनांक 05 दिसंबर, 2018 की एनसीवीईटी अधिसूचना सं. एसडी-17/113/2017-ईएंडपीडब्ल्यू के तहत मान्यता प्रदान करने के अधिदेश के अनुसरण में, एनसीवीईटी ने **"अवार्डिंग निकायों की मान्यता और विनियमन के लिए दिशानिर्देश"** (इसके बाद एबी दिशानिर्देश के रूप में उल्लिखित और प्रचालनात्मक मैनुअल तैयार किया था, जिन्हें माननीय मंत्री, एसडीई द्वारा 27 अक्तूबर, 2020 को शुरु किया गया था।

7.1.2. प्रमुख नीतिगत पहलों जैसे 2020 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ) और 2023 में संशोधित राष्ट्रीय कौशल अर्हता फ्रेमवर्क (एनसीक्यूएफ) और प्रौद्योगिकीय उन्नयन के परिणामस्वरूप आए सकारात्मक व्यवधानों के कारण, भरोसेमंद और प्रभावी प्रशिक्षण, मूल्यांकन और प्रमाणीकरण के जरिए उच्च गुणवत्ता के वीईटीएस प्रचालनों को सुनिश्चित करने के व्यापक उद्देश्य से, एबी दिशानिर्देश 2020 में व्यापक संशोधन की आवश्यकता महसूस की गई।

7.1.3 एबी दिशानिर्देशों को एनसीवीईटी द्वारा हितधारक परामर्शों, विशेषज्ञ समीक्षाओं और साहित्य समीक्षा पर बल देने के साथ फीडबैक सहित किए गए व्यापक और कठिन परामर्श की प्रक्रिया/ कार्रवाई करके व्यापक संशोधन किया गया है। प्रारूप दिशानिर्देश 21 दिनों की न्यूनतम अवधि के लिए सार्वजनिक परामर्श के लिए एनसीवीईटी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए थे।

7.1.4 प्राप्त संगत सुझावों और टिप्पणियों पर विचार करने और अन्तिम रूप देने के लिए दिशानिर्देशों में शामिल करने के संबंध में जांच की जा रही है। दिशानिर्देशों के अन्तिम प्रारूप को किसी भी अतिरिक्त टिप्पणी के लिए सभी परिषद् सदस्यों को परिचालित किया जाएगा। परिषद् द्वारा अनुमोदित किए जाने पर, दिशानिर्देशों को एनसीवीईटी के अधिदेश के अनुसार, भारत के शासकीय राजपत्र में प्रकाशित किया जाएगा।

7.1.5 प्रारूप दिशानिर्देशों की प्रति दिनांक 31.05.2024 की स्थिति के अनुसार निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है:
https://ncvet.gov.in/wp-content/uploads/2024/05/Draft-AB-Guidelines-for-Public-Consultation-1.pdf

7.1.6 परिषद् ने इसे नोट किया और आगे की टिप्पणियों तथा आगे राजपत्र अधिसूचना के प्रकाशन के लिए 7 दिनों के लिए सार्वजनिक परामर्श से प्राप्त सभी संगत सुझावों/ टिप्पणियों को शामिल करने के बाद परिषद् सदस्यों के साथ प्रारूप अंतिम दिशानिर्देशों को साझा करने का निदेश दिया।

7.2 वर्ष 2020 में प्रकाशित, मूल्यांकन एजेंसियों की मान्यता और विनियमन के लिए

दिशानिर्देशों में व्यापक संशोधन

7.2.1 परिषद् को अवगत कराया गया कि इसी प्रकार से "मूल्यांकन एजेंसियों की मान्यता और विनियमन के लिए दिशानिर्देश" में भी विगत कुछ वर्षों में कौशल व्यवस्था में प्रमुख नीतिपरक और प्रौद्योगिकीय बदलावों के कारण एक व्यापक संशोधन करना आवश्यक था।

7.2.2 संशोधित व्यापक "मूल्यांकन एजेंसियों की मान्यता और विनियमन के लिए दिशानिर्देशों" में गुणवत्ता आश्वासन के वैश्विक मान्यताप्राप्त मान्यता मानकों के अनुरूप व्यापक शासन और प्रभावकारी कार्यगत सिद्धांत तय किए जाएंगे, जिससे एनसीवीईटी व्यवस्था में सर्वोत्तम स्तर की मूल्यांकन एजेंसियों की पहचान और प्रोत्साहन सुनिश्चित किया जाएगा और मानकीकृत मानकों, निरंतर गुणवत्ता शासन और बेहतर निष्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए उनके नियमन के लिए निगरानी और मूल्यांकन नेटवर्क प्रदान किया जाएगा।

7.2.3 दिशानिर्देशों को अंतिम रूप देने के लिए विचार हेतु और शामिल किए जाने हेतु प्राप्त प्रासंगिक सुझावों और टिप्पणियों की जांच की जा रही है। दिशानिर्देशों के अंतिम प्रारूप को किसी भी अतिरिक्त टिप्पणी के लिए सभी परिषद् सदस्यों को परिचालित किया जाएगा। परिषद् द्वारा अनुमोदित किए जाने पर दिशानिर्देशों को एनसीवीईटी के अधिदेश के अनुसार भारत के शासकीय राजपत्र में प्रकाशित किया जाएगा।

7.2.4 दिनांक 31.05.2024 की स्थिति के अनुसार प्रारूप दिशानिर्देशों की प्रति निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है:

https://ncvet.gov.in/wp-content/uploads/2024/05/Comprehensive-Revised-AA-guidelines-02052024_1.pdf

7.2.5 **परिषद् ने इसे नोट किया और प्रारूप अन्तिम दिशानिर्देशों को आगे की टिप्पणियों और राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन के लिए 7 दिनों के सार्वजनिक परामर्श से प्राप्त संगत सभी सुझावों और टिप्पणियों को शामिल किए जाने के बाद परिषद् के सदस्यों के साथ साझा करने का निदेश दिया।**

7.3 अर्हताओं के अंगीकरण के लिए दिशानिर्देशों में संशोधन

7.3.1 परिषद् को एनसीवीईटी प्रमाणन के लिए किसी अर्हता के अवार्डिंग अधिकारों को प्राप्त करने के लिए औपचारिक प्रक्रिया को स्पष्ट करते हुए अर्हताओं को अपनाने के लिए दिशानिर्देशों का विस्तृत विवरण दिया गया। यह एक अवार्डिंग निकाय (डवलपर निकाय द्वारा विकसित अर्हता (एनएसआरसी में एनएसक्यूएफ संरेखित और अनुमोदित और एनक्यूआर में अपलोड की गई) के अवार्डिंग के अधिकार को किसी अन्य अवार्डिंग निकाय (अंगीकरण निकाय) के मूल तत्वों अर्थात पात्रता मानदंड, स्तर, अनिवार्य एनओएस/ शिक्षण परिणाम, उपस्कर, मान्यता और मूल्यांकन मानकों में कोई परिवर्तन किए बिना उसकी सम्पूर्णता प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करता है। उपरोक्त प्रक्रिया दिनांक 22.02.2022 को अंतिम रूप दी गई और 16 मार्च, 2022 को आयोजित की गई, परिषद् की 5वीं बैठक में अनुमोदित/ पुष्टि की गई **अर्हताओं के अंगीकरण के लिए दिशानिर्देशों** द्वारा संचालित होती है।

7.3.2 सदस्यों को अपडेट प्रदान करते हुए, सूचित किया गया कि व्यावसायिक शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल व्यवस्था (वीईटीएस) में स्टैंडअलोन राष्ट्रीय व्यावसायिक मानकों (एनओएस), माइक्रो क्रेडेंशियल (एमसी) और नेनो क्रेडेंशियल (एनसी) की संकल्पना के साथ साथ इन अल्पावधिक एनसी/ एमसी अथवा एनओएस के कार्यान्वयन के लिए उद्योग की मांग के कारण मान्यताप्राप्त एबी द्वारा आवश्यक और सूचित किए गए आवश्यक संशोधन, जिनमें एनसी/ एमसी और एनओएस के अंगीकरण के लिए सहायक प्रावधान शामिल हैं, की प्रक्रिया चल रही है और परिचालित करके कार्यसूची के माध्यम से अनुमोदनों के लिए संशोधित दिशानिर्देश अन्तिम रूप दिए जाने पर अनुमोदित किए जाएं।

7.3.3 परिषद् ने प्रगति को नोट किया और उसे "सैद्धान्तिक" अनुमोदन प्रदान किया।

कार्यसूची मद 8 : राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों (आईएनआई) की मान्यता के कार्यान्वयन की स्थिति और केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की मानित एबी के रूप में स्थिति की सूचना

8.1 परिषद् को संक्षेप में बताया गया कि व्यावसायिक शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल (वीईटीएस) को राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ) द्वारा सक्षम शिक्षा में एकीकृत करने के लिए, परिषद् ने अपनी 9वीं बैठक, दिनांक 17.08.2023 में अनुमोदन दिया और निम्नलिखित विभिन्न

श्रेणियों के विश्वविद्यालयों और उच्चतर शिक्षा संस्थानों (एचईआई) को मानित अवार्डिंग निकायों का दर्जा प्रदान किया, बशर्ते कि वे एनएसक्यूएफ संरेखित और अनुमोदित अर्हताओं/ पाठ्यक्रमों के विकास, प्रशिक्षण और मूल्यांकन के लिए एनसीवीईटी दिशानिर्देशों की अनुपालनो करें। तद्नुसार, निम्नलिखित श्रेणियों के विश्वविद्यालय और एचईआई को परिषद् द्वारा मानलित अवार्डिंग निकायों का दर्जा दिया गया:

क) आईआईटी, एनआईटी, एनआईडी, आईआईआईटी, आईआईएम, आईआईएसईआर सहित सभी आईएनआई प्रमुख सार्वजनिक उच्चतर शिक्षा संस्थान हैं, जो भारत सरकार द्वारा संसद के अधिनियम के तहत स्थापित किए गए हैं।

ख) सभी विश्वविद्यालय और एचईआई, जिनके लिए भारत के माननीय राष्ट्रपति विजिटर हैं और भारत के माननीय उप राष्ट्रपति कुलाधिपति हैं। (इन एचईआई में अन्य मंत्रालयों से संस्थान भी शामिल हैं)।

ग) केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के अन्तर्गत स्थापित सभी केन्द्रीय विश्वविद्यालय

8.2 चूंकि इन विश्वविद्यालयों और एचईआई में पहले से ही केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के विधान के अंतर्गत, यूजीसी से विधिवत मान्यता के साथ अनुमोदित संस्थान हैं, अत: उनके पास बुनियादी भौतिक, शैक्षणिक और शासन संरचना तथा सांविधिक फ्रेमवर्क पहले से है, जो कि एक अवार्डिंग निकाय (एबी) बनने के लिए आवश्यक है, और एनसीवीईटी द्वारा इन एचईआई को "मान्यता की प्रक्रिया" में कुछ चरणों की प्रक्रिया को सरल बनाकर मानित अवार्डिंग निकाय का दर्जा प्रदान करने के लिए एक सरल तंत्र विकसित किया गया है और कार्यान्वित किया जा रहा है। जैसा कि ऊपर पैरा में दिया गया है एचईआई की श्रेणी का सरलीकृत प्रोसेस फ्लो, इस प्रकार है :

चरण 1: इच्छुक एचईआई द्वारा रुचि की	**चरण 2: ब्यौरों की जांच करने के लिए एक समर्पित**	**चरण 3: सक्षम प्राधिकारी द्वारा मानित**	**चरण 4: संबंधित एचईआई को "मान्यता का पत्र"**

अभिव्यक्ति प्रस्तुत करना	**केस सदस्य का नामांकन**	**अवार्डिंग निकाय के रूप में मान्यता प्रदान करने के लिए अनुमोदन**	**जारी करना**

8.3 इसके अलावा, सचिव, उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय के सुझाव के अनुसार, सभी राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों (आईएनआई) और केन्द्रीय विश्वविद्यालयों (सीयू) को एनसीवीईटी द्वारा एक प्रारंभिक पत्र भेजा जाएगा, जिसमें नियमित यूजी/ पीजी पाठ्यक्रमों में कौशल आधारित पाठ्यक्रमों को एकीकृत करने और अन्य शिक्षार्थियों को एनएसक्यूएफ संरेखित और अनुमोदित अर्हताओं का प्रस्ताव करने के लिए संभव तरीके स्पष्ट किए जाएंगे ताकि वे उन्हें मानित अवार्डिंग निकाय बनने के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) प्रस्तुत करने के लिए सुविधा प्रदान कर सकें। तद्नुसार, अपेक्षित पत्र भेजे जा रहे हैं और उनकी रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त होने पर, एनसीवीईटी द्वारा एक मान्यता का पत्र जारी किया जा सकता है। **रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) और मान्यता के पत्र (एलओआर) का मानक प्रारूप क्रमश: अनुबंध V और VI में संलग्न है।**

8.4 इसके अतिरिक्त, परिषद् ने अपनी 9वीं बैठक में, एचईआई/ विश्वविद्यालयों की कतिपय श्रेणियों को एक सरल और तीव्र गति की प्रक्रिया के माध्यम से एनएसक्यूएफ संरेखित और अनुमोदित अर्हताओं/ पाठ्यक्रमों का प्रस्ताव करने के लिए अवार्डिंग निकायों के रूप में मान्यता भी प्रदान की गई थी। इस श्रेणी के अन्तर्गत आने वाले एचईआई/ विश्वविद्यालय नीचे दिए गए हैं: सभी एचईआई/ विश्वविद्यालय (ऐसे एचईआई को छोड़कर, जिन्हें एनसीवीईटी द्वारा मानित अवार्डिंग निकाय का दर्जा प्रदान किया गया है)।

8.5 भारत सरकार द्वारा यूजीसी/ एआईसीटीई की सिफारिश पर मानित विश्वविद्यालयों के रूप में मान्यताप्राप्त और अधिसूचित संस्थानों को भी मानित अवार्डिंग निकायों का दर्जा देने पर विचार किया जाना है। तथापि, जैसा कि 9वीं एनसीवीईटी परिषद् की बैठक में निर्णय लिया गया है, एनसीवीईटी के पास ऐसे मानित अवार्डिंग निकायों को दर्जा (दोहरी श्रेणी) प्रदान करने के लिए अन्तिम विचार के लिए अधिकार सुरक्षित है।

8.6 उपरोक्त पैरा में उल्लिखित एचईआई/ विश्वविद्यालयों के लिए एबी के रूप में मान्यता के लिए विस्तृत प्रक्रिया नीचे दी गई है :

विश्वविद्यालयों और एचईआई के लिए एबी के रूप में मान्यता की प्रक्रिया

चरण 1: एचईआई द्वारा सरलीकृत आवेदन प्रस्तुत करना	**चरण 2: नामित केस सदस्य द्वारा प्रस्ताव की जांच करना**	**चरण 3: निदेशक की समीक्षा**	**चरण 4: उप समिति द्वारा अंतिम समीक्षा**	**चरण 5: अनंतिम मान्यता (एनओ) जारी करना**	**चरण 6: करार पर हस्ताक्षर करना**

सरलीकृत आवेदन फार्म का मानक प्रारूप अनुबंध VII पर संलग्न है।

ऐसे एचईआई/ विश्वविद्यालयों का विवरण, जिनके लिए ईओआई फार्मेट साझा किया गया है, अनुबंध VIII में है।

8.7 परिषद् को अवगत कराया गया कि अध्यक्ष, यूजीसी की अध्यक्षता में और अध्यक्ष, एनसीवीईटी की सह-अध्यक्षता में सरकार द्वारा गठित की गई उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) ने पहले ही एक आसान तरीके से यूजी और पीजी स्तर के कार्यक्रमों में कौशल आधारित पाठ्यक्रमों और अर्हताओं के एकीकरण के लिए एक विस्तृत मानक प्रचालन प्रक्रिया अनुमोदित की है। अत: इस पहल से उच्चतर शिक्षा प्रणाली के कौशल शिक्षा के साथ एकीकरण की प्रक्रिया और भी मजबूत होगी, ताकि उन्हें कौशल आधारित पाठ्यक्रमों और अर्हताओं का प्रस्ताव किया जा सके, जिससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ) के वास्तविक उद्देश्य की प्राप्ति होगी।

8.8 **परिषद् ने की गई प्रगति की सराहना की और आईएनआई, सीयू, मानित विश्वविद्यालयों/ एचईआई के लिए समग्र मान्यता प्रक्रिया अनुमोदित की। परिषद् ने पात्र एचईआई/ विश्वविद्यालयों की अवार्डिंग निकाय के रूप में तेज गति से मान्यता के लिए सरलीकृत आवेदन फार्म को भी अनुमोदन प्रदान किया।**

कार्यसूची मद 9 : 4 वेरिएंट में रोजगार योग्य कौशलों, जीवन कौशलों और सॉफ्ट कौशलों के 50 उप-माड्यूलों के साथ 9 माड्यूलों के कंटेंट विकास पर प्रगति की स्थिति की सूचना

9.1 परिषद् सदस्यों को परियोजना की पृष्ठभूमि प्रदान करते हुए, यह अवगत कराया गया कि एमएसडीई ने शुरु में अपनी अग्रगामी योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) 2.0 के अंतर्गत सभी एनएसआरएफ संरेखित और अनुमोदित जॉब भूमिकाओं में, जो उक्त योजना के अन्तर्गत संचालित हैं, वर्ष 2016-17 में सभी जॉब भूमिकाओं में एक 40 घंटे का रोजगार योग्य माड्यूल शुरु किया था। अधिक व्यापक और स्थानीय रोजगार योग्य कौशलों के लिए जरूरत को पहचानते हुए, अंग्रेजी, रोजगार योग्य और उद्यमशीलता (ईईई) पर एक 155 घंटे का मिश्रित माड्यूल बाद में पीएमकेवीवाई 3.0 के अन्तर्गत, अल्पावधिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के भाग के रूप में शुरु किया गया था।

9.2 व्यावसायिक शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल में व्यापक रोजगार योग्य कौशलों के एकीकरण की प्रणाली में आगे सुधार लाने के लिए, 30 घंटे, 60 घंटे 90 घंटे और 120 घंटे के विभिन्न रोजगार योग्य कौशल माड्यूल विकसित किए गए थे और जून, 2022 में हुई 20वीं एनएसक्यूसी बैठक में अनुमोदित किए गए। एनसीवीईटी परिषद् की 8वीं बैठक में, परिषद् को इन सुधारों के बारे में अवगत कराया गया था। सभी अवार्डिंग निकायों को एनएसक्यूएफ संरेखण और अनुमोदन के लिए विकसित की जा रही अपनी सभी मौजूदा अर्हताओं और भावी अर्हताओं में यथा लागू इनमें से एक ईएस एनओएस माड्यूलों को शामिल करने का अधिदेश दिया गया था। ये एनओएस जिनमें 12 तत्व/ माड्यूल नामत: रोजगार योग्य कौशलों की शुरुआत, संवैधानिक मूल्य-नागरिकता, 21वीं सदी में पेशेवर बनना, बुनियादी अंग्रेजी कौशल, करियर विकास एवं लक्ष्य निर्धारण, संचार कौशल, विविधता और समावेशन, वित्तीय और कानूनी साक्षरता, अनिवार्य डिजिटल कौशल, उद्यमशीलता, ग्राहक सेवा, अप्रेन्टिशिप और जॉब के लिए तैयार होना शामिल हैं।

9.3 तथापि, इन व्यावसायिक मानकों को कार्यान्वित करते समय, विभिन्न अवार्डिंग निकायों ने जॉब भूमिका और लक्ष्य छात्रों/ शिक्षार्थियों की विशिष्ट अपेक्षा को देखते हुए, विभिन्न जॉब भूमिकाओं के लिए अवार्डिंग निकायों द्वारा अंगीकरण किए जाने के लिए उनकी कठिनाइयों और सुझावों को फ्लेक्सिबल बनाने के लिए साझा किया गया था। इसके अलावा, यह महसूस किया गया था कि ये घटक रोजगार योग्य कौशलों के भाग के रूप में शामिल थे, विशेष रूप से भावी कार्य के लिए कौशल प्रदान करने और भावी प्रौद्योगिकी कौशलों को देखते हुए, व्यापक नहीं थे। सभी हितधारकों ने विभिन्न स्तर के वेरिएंट में विकासशील माड्यूलों के लिए अधिक ग्रेन्युलर दृष्टिकोण की सिफारिश की।

9.4 प्रशिक्षण में रोजगार योग्य कौशल एनयूएस के कार्यान्वयन के दौरान, एबी ने कई चुनौतियों की सूचना दी थी। मान्यताप्राप्त एबी के समक्ष आई चुनौतियों का सामना करने के लिए और साथ ही, स्कूल शिक्षा प्रणाली, तकनीकी शिक्षा प्रणाली और उच्चतर शिक्षा संस्थानों में शिक्षार्थियों की जरूरतों की पूर्ति के लिए, रोजगार योग्य कौशलों (ईएस)/ साफ्ट कौशलों (एसएस)/ जीवन कौशलों (एलएस के माड्यूलों और सब माड्यूलों के फ्लैक्सिबल प्लग और प्ले मॉडल विकसित करने की जरूरत महसूस की गई थी।

9.5 तदनुसार, एनएसक्यूसी के निर्णय के अनुसार, एक समिति गठित की गई थी। समिति में यूजीसी, एआईसीटीई, एनसीवीईटी, एनसीईआरटी, डीजीटी, एनएसडीसी से सदस्य और चुनिन्दा एबी और एसएससी, जिनमें कुछ विशेषज्ञ संगठन जैसे क्वेस्ट अलायंस, यूनिसेफ, वाधवानी फाउंडेशन शामिल हैं, से विशेषज्ञ शामिल हैं। समिति ने अनेक बैठकों के माध्यम से विभिन्न कौशलों और क्षमताओं, जिनमें विभिन्न एनएसक्यूएफ स्तर के अनुरूप उच्चतर कौशल शामिल है, की पहचान की है। शामिल प्रक्रिया में 9 माड्यूलों की पहचान करना शामिल है, जिनमें आगे विभिन्न एनसीआरएफ/ एनएसक्यूएफ स्तरों, जिनका नीचे उल्लेख किया गया है, विभिन्न एनसीआरएफ/ एनएसक्यूएफ स्तरों की जरूरतों को पूरा करने के लिए 4 वेरिएंट्स में 30 घंटे, 60 घंटे, 90 घंटे और 120 घंटे के 50 सब-माड्यूल हैं :

क) बुनियादी स्तर ईएस/ एसएस/ एलएस में शामिल कौशल - कुछ मामलों में एनसीआरएफ/ एनएसक्यूएफ स्तर 1 और 2 और स्तर 2.5 की पूर्ति करेगा।
ख) मध्यवर्ती ईएस/ एसएस/ एलएस - एनसीआरएफ/ एनएसक्यूसी स्तर 2.5,3,3.5 और 4
ग) अग्रिम ईएस/ एसएस/ एलएस- एनसीआरएफ/ एनएचईक्यूएफ/ स्तर 4,4.5,5,5.5 और 6
घ) उच्चतर आदेश ईएस/ एसएस/ एलएस - एनसीआरएफ/ एनएचईक्यूएफ स्तर 6,6.5, 7 और 8

9.6 उपरोक्त चार वेरिएंट, जिनमें शिक्षण परिणाम (एलओ), प्रदर्शन मानदंड (पीसी), प्रशिक्षक की अर्हता/ पात्रता/ अनुभव, आकलनकर्ता की अर्हता/ पात्रता/ अनुभव, आकलन मानदंड के लिए मॉडल पाठ्यचर्चा को हितधारकों और संगठनों जैसे, सीआईआई, मीडिया एसएससी, मैनेजमेंट एसएससी, एनएएसएससीओएम (नासकॉम) एसएससी, वाधवानी फाउंडेशन, एनआईईएसबीयूडी

आदि की सहायता से विकसित की गई है। पाठ्यचर्चा की हितधारकों और संगठनों, जैसे टीआईएसएस, सीआईआई, एसएससी के विश्वविद्यालयों, मीडिया घटकों, सीडेक आदि से विशेष विशेषज्ञों द्वारा पुनरीक्षा कराई गई है।

9.7 विभिन्न माड्यूलों और पाठ्यचर्चा/ अर्हता के रोजगारयोग्य कौशलों को प्रदान करने के लिए कंटेट को न्यूनतम मानक सुनिश्चित करने के लिए, सभी नौ माड्यूलों के लिए सामग्री विकसित की जानी है, जिनमें अन्य प्रशिक्षण परिसंपत्तियां जैसे प्रतिभागी हैंडबुक, सुविधा प्रदाता मार्गदर्शिका, बुनियादी शिक्षण/ अधिगम संसाधन, मॉडल पाठ्यचर्चा आधारित ई-कंटेंट, प्रशिक्षण मैनुअल, मूल्यांकन मैनुअल, बुनियादी असाइनमैंट्स ट्यूटोरियल, सभी चार मैनुअल के लिए व्यावहारिक मूल्यांकन पद्धति शामिल है।

9.8 माड्यूलों/ सब माड्यूलों की सामग्री विकसित करने के लिए (जिनमें ई-लर्निंग सामग्री और अनुदेशक आधारित प्रशिक्षण सामग्री शामिल है) संकल्प योजना के तहत परियोजना के वित्तपोषण के लिए एक प्रस्ताव संकल्पना नोट और अनुमानित लागत शीट/ संसाधन आवश्यकता के साथ परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) एमएसडीई के समक्ष प्रस्तुत किए गए थे। संकल्प टीम (पीएबी और पीएससी अर्थात परियोजना जांच समिति) द्वारा समुचित प्रयास किए जाने के बाद, *** रु. राशि का एक अनंतिम बजट (बैठक के दौरान सदस्यों को सूचित कर दिया गया) अनुमोदित किया गया है। तथापि, इसमें वाणिज्यिक बोलियों, जिनमें पूंजीगत व्यय (क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर लागत) शामिल है, प्रचालनात्मक व्यय (5 वर्षों के दौरान वितरित), स्क्रेनिंग, सुरक्षा एवं अभिगम्यता लेखा परीक्षा व्यय, जो भारत सरकार की अपेक्षा के अनुसार 5 वर्षों के लिए है, शामिल नहीं है, जिसे अलग से प्रदान किए जाने की जरूरत होगी। जैसा कि परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) द्वारा निर्णय लिया गया है, परियोजना को संकल्प के आर घटक के लिए पी के तहत वित्तपोषित किया जाएगा।

9.9 एनसीवीईटी को कंटेंट विकास एजेंसी/ एजेंसियों के चयन के द्वारा उक्त परियोजना शुरु करने का कार्य सौंपा गया है। कंटेंट विकास एक समयबद्ध तरीके से किया जाना था, जिसमें परियोजना को विगत वित्तीय वर्ष में कम से कम दो बुनियादी वेरिएंट के साथ, गुणवत्ता पर समझौता किए बिना पूरा करने का प्रयास किया जाना था। तदनुसार, परिषद् के अनुमोदन से तीन विभिन्न विशेषज्ञ एजेंसियों द्वारा माड्यूल विकसित कराने का निर्णय लिया गया था।

9.10 अत:, एजेंसियों का चयन 'गुणवत्ता लागत आधारित प्रणाली' (क्यूसीबीएस) के आधार पर, तकनीकी: वित्तीय भार 60:40 के साथ जेम पर एक खुली निविदा प्रक्रिया के माध्यम से किया जाना था। तदनुसार, जेम पोर्टल पर तीन आरएफपी (3 माड्यूल प्रत्येक) कंटेंट विकास एजेंसियों के चयन के लिए डाले गए थे। तथापि, प्रतिस्पर्धा न्यूनतम थी, क्योंकि केवल 1/2/0 बोलीदाता ही इन तीन आरएफपी के लिए पात्र/ योग्य पाए गए थे। तदोपरांत, परिषद् ने अनुमोदित किया (परिचालन के लिए कार्यसूची) कि उपरोक्त तीन आरएफपी, जो जेम पर डाले गए थे, बंद किए जाएं और नए आरएफपी परियोजना की समीक्षा के बाद डाले जाएं।

9.11 ईएस के कंटेंट विकसित करने के लिए परियोजना के उच्च स्तरीय दायरे में निम्नलिखित शामिल हैं :-

क) राष्ट्रीय कौशल अर्हता समिति (एनएसक्यूसी) द्वारा यथा अनुमोदित मॉडल पाठ्यचर्चा को एक उपयुक्त प्रक्रिया के माध्यम से वैध करना। एजेंसी पाठ्यचर्चा में परिवर्तनों का प्रस्ताव कर सकती है, बशर्ते एनसीवीईटी/ एनएसक्यूसी द्वारा अनुमोदन हो।

ख) माड्यूल पाठ्यचर्चा पर आधारित कक्षा प्रशिक्षण पाठ्यचर्चा में शिक्षार्थी की वर्कबुक, बुनियादी शिक्षण/अधिगम संसाधन और सभी उप माडॅलों के लिए अधिगम संसाधन/ सहायता शामिल है।

ग) सभी उप मॉडलों के लिए मॉडल पाठ्यचर्चा के आधार पर अंग्रेजी और हिंदी में ई-कंटेंट (ऑडियो/ विडियो/ टेक्स्ट आदि)।

घ) सभी उप माड्यूलों के लिए प्रशिक्षण मैनुअल और अवसंरचना रणनीति, प्रशिक्षक स्लाइड, बुनियादी असाइनमेंट, ट्यूटोरियल।

ड.) सभी उप माड्यूलों के लिए मूल्यांकन मैनुअल और रणनीति, बुनियादी असाइनमैंट, ट्यूटोरियल, व्यावहारिक आकलन और मूल्यांकन।

9.12 कंटेंट का प्रत्येक घटक एक माड्यूलर तरीके से, उपरोक्तानुसार अभिज्ञात चार स्तरों (बुनियादी, माध्यमिक, उन्नत और उच्चतर स्तर) के लिए विकसित किया जाना है, जैसे कि प्लग और प्ले फार्मेट में विविध समावेश किए जाते हैं। तदनुसार, इस कार्य के लिए चुनी गई एजेंसी ई-लर्निंग और क्लासरुम प्रशिक्षण कंटेंट के विकास के क्षेत्र में अत्यधिक विश्वसनीय होनी चाहिए। आरएफपी के दौरान और ईएस के 4 विभिन्न स्तरों के लिए कंटेंट विकास के लिए जांच प्रक्रिया के दौरान यह पाया गया कि :-

क) न्यूनतम प्रतिस्पर्धा के साथ प्रतिक्रिया अपर्याप्त थी, जबकि रोजगार योग्य कौशलों पर कंटेंट स्कूली शिक्षा, उच्चतर शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा, प्रशिक्षण एवं कौशल व्यवस्था, नि:शुल्क सहित हितधारकों द्वारा उपयोग किए जाने के लिए विकसित किए जाने हैं, जिसमें यह आवश्यक हो कि यह उच्च गुणवत्ता और मानक का है।

ख) बड़ी कंपनियां उच्च विश्वसनीयता के साथ परियोजना के लिए आगे नहीं आई, क्योंकि व्यक्तिगत आरएफपी का छोटा आकार होने के कारण है, जो उनके वित्तीय कार्यक्षेत्र के अनुकूल नहीं हो सकता।

ग) कंटेंट विकसित करने के लिए एजेंसियों का अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय, परियोजना के लिए अलग दृष्टिकोण और रणनीति थी। शिक्षार्थियों के उपयोग और समझने में आसानी के लिए उन्हें एक साझा संरचना में लाने के लिए परिणामों की समग्र गुणवत्ता सुनिश्चित करना एक चुनौती होगा।

घ) इसके अलावा, संकल्प परियोजना, जिसके तहत वित्तपोषण का प्रस्ताव किया गया है, अभी वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए बढ़ाई गई है।

9.13 उपरोक्त को देखते हुए, परिषद् के समक्ष निम्नलिखित प्रस्ताव किए गए थे :

क) सभी 9 माड्यूलों और 50 उप माड्यूलों के लिए सभी चार वेरिएंट हेतु आईएलटी और ई-कंटेंट विकसित करने के लिए **एक व्यापक संशोधित आरएफपी** एक ही खरीद एजेंसी के माध्यम से भेजी जा सकती है।

ख) **आरएफपी** को **जेम** के माध्यम से अपलोड किया जा सकता है। संशोधित प्रारूप आरएफपी तैयार किया गया है, जिसमें जेम के माध्यम से, विगत ई-खरीद में पाई गई सभी व्यावहारिक और तकनीकी समस्याओं पर विचार किया गया है।

ग) परिषद् द्वारा **आरएफपी/ बोली प्रस्तुत करने** के लिए एक उपयुक्त पदनाम, **प्रभारी परियोजना** के साथ **एक अधिकारी नामित** करने के लिए अनुमति प्रदान की जा सकती है। इस प्रयोजन के लिए शक्तियां प्रभारी परियोजना अधिकारी को प्रत्यायोजित की जा सकती है, ताकि खरीद आदेश भेजने तक की प्रक्रिया कर सके। तथापि, खरीद आदेश परिषद् के अनुमोदन और निर्णय के बाद भेजे जा सकते हैं।

घ) **एक तकनीकी मूल्यांकन समिति (टीईसी)** जो एमएसडीई, एनआईईएसबीयूडी, सभी नियामक निकायों (एआईसीटीई, यूजीसी, एनसीवीईटी), शिक्षा क्षेत्र (मीडिया एसएससी,

एनआईओएस, सीबीएसई, इग्नू आदि) से चुनिन्दा एबी और कोई ऐसा संगठन, जो अध्यक्ष, एनसीवीईटी द्वारा उपयुक्त समझा जाए, को मिलाकर, परियोजना-प्रभारी के अनुमोदन के अनुसार तकनीकी बोलियों के मूल्यांकन के लिए गठित की जा सकती है।

9.14 **परिषद् ने उपरोक्त पर विचार किया और उपरोक्त 9.13 के अनुसार प्रस्ताव के लिए अनुमोदन प्रदान किया। इसके अलावा, परिषद् ने एनसीवीईटी को रोजगार योग्य कौशलों के सभी 09 माड्यूलों और 50 उप माड्यूलों को परिषद् के सदस्यों के साथ उनके सुझावों/ टिप्पणियों, यदि कोई हो, के लिए साझा करने का निदेश दिया।**

कार्यसूची मद 10 : सरकार की वित्तपोषण योजनाओं के माध्यम से एनएसक्यूएफ संरेखित और अनुमोदित अर्हताओं, एनएसक्यूएफ संरेखित और अनुमोदित डिप्लोमा अर्हताओं तथा प्रशिक्षण के लिए एक मानक प्रमाण-पत्र का प्रारूप तैयार करना

10.1 परिषद् को यह अवगत कराया गया कि राजपत्र अधिसूचना सं. एसडी-17/113/2017-ईएंडपीडब्ल्यू के अनुसरण में, एनसीवीईटी द्वारा वीईटी व्यवस्था की गतिशील जरूरतों की पूर्ति के लिए परंपरागत प्रमाण-पत्र के लिए निरंतर विचार और विकास किया जा रहा है ताकि प्रमाण पत्र प्रक्रिया में मानकीकरण हो सके और सरकार द्वारा अनुमोदित प्रमाण पत्र के क्रेडेंशियल में सुधार हो सके। इसके अलावा, माननीय मंत्री, एसडीई और अन्य हितधारकों से प्राप्त सुझावों के आधार पर, एनसीवीईटी ने मौजूदा अनुमोदित 17 प्रमाण-पत्रों के प्रारूप का संशोधन शुरु किया है और सभी ऐसे संशोधनों की परिषद् की 10वीं बैठक में पुष्टि की गई थी तथा एमएसडीई और एनएसडीई को सूचित कर दिया गया था।

10.2 एनसीवीईटी ने पारंपरिक कलाकारों और शिल्पकारों के उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने और पहुंच बढ़ाने के लिए 17 सितंबर, 2023 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शुरु की गई पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत परंपरागत रूप से डिजाइन किए गए प्रमाण-पत्रों का टेम्पलेट जारी किया। प्रमाण पत्रों का ब्यौरा नीचे दिया गया है :-

क) प्रशिक्षण के लिए कौशल प्रतिस्पर्धा का प्रमाण पत्र
ख) मूल्यांकनकर्ता के लिए कौशल प्रतिस्पर्धा का प्रमाण पत्र

ग) कौशल प्रतिस्र्धा के लिए प्रतिष्ठा पुरस्कार

घ) कौशल उन्नयन के साथ अधिगम पूर्व मान्यता प्रमाण पत्र

10.3 इसके अतिरिक्त, 62(52+09) जॉब भूमिकाएं, जो कि विश्व कौशल प्रतिस्पर्धा और भारत कौशल प्रतिस्पर्धा का भाग हैं, भी एनसीआरएफ और एनएसक्यूएफ के क्षेत्राधिकार में लाई गई थीं, और चार (04) नए प्रमाण पत्र टेम्पलेट डिजाइन किए गए थे। प्रमाण पत्रों का ब्यौरा नीचे दिया गया है :

क) भारत कौशल प्रमाण पत्र - राष्ट्रीय

ख) भारत कौशल प्रमाण पत्र - पूर्व राष्ट्रीय

ग) भारत कौशल प्रमाण पत्र - राज्य स्तरीय

घ) भारत कौशल प्रमाण पत्र - जिला स्तरीय

10.4 इसके अलावा, एनसीवीईटी ने भी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा समिति (एआईसीटीई) के परामर्श से व्यावसायिक शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल (वीईटीएस) में डिप्लोमा दिशा-निर्देशों को अंतिम रूप दिया। अब एनसीवीईटी भी एनएसक्यूएफ संरेखण और अनुमोदन के लिए डिप्लोमा अर्हताएं प्राप्त कर रही है। तदनुसार, डिप्लोमा अर्हताओं को पूरा करने वाले शिक्षार्थियों को जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्र का टेम्पलेट तैयार कर लिया गया है और परिषद् के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया था। प्रमाण पत्र टेम्पलेट का डिजाइन **अनुबंध IX** पर है।

परिषद् ने उपरोक्त प्रस्ताव पर विचार किया और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, विश्व कौशल प्रतिस्पर्धा के लिए प्रमाण पत्र टेम्पलेट के डिजाइन की पुष्टि की गई है और साथ ही डिप्लोमा प्रमाण पत्र टेम्पलेट अनुमोदित किया है, जो अनुबंध IX पर है।

कार्यसूची मद 11 : एमएसडीई के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन की स्थिति के संबंध में सूचना

11.1 परिषद् को यह अवगत कराया गया था कि सामान्य वित्तीय नियम (जीएफआर) के नियम 229(xi) के अन्तर्गत प्रावधानों को देखते हुए, प्रत्येक संगठन/ संस्थान जो पांच करोड़ रु. (5 करोड़ रु.) से अधिक प्रति वर्ष की बजट सहायता प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें प्रशासनिक मंत्रालय

या विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने अपेक्षित हैं, जिसमें प्रदर्शन इकाइयों के साथ साथ कार्य संबंधी कार्यक्रम और आउटपुट में गुणवत्तापरक सुधार का विवरणों के संदर्भ में प्रदर्शन मानदंडों, आउटपुट लक्ष्यों को स्पष्ट किया जाएगा, जो इन संगठनों को प्रदान की गई बजटीय सहायता के आधार के रूप में कार्य करेगा।

11.2 तदनुसार, एनसीवीईटी ने वर्ष 2024-25 के लिए एक प्रारूप एमओयू तैयार किया है, जिसे एमएसडीई के साथ हस्ताक्षर किया जाना है। प्रारूप एमओयू को एमएसडीई के साथ साझा किया गया है। एमएसडीई से करार के हस्ताक्षर की पुष्टि अभी प्रतीक्षित है। एमओयू की प्रति **अनुबंध X** में संलग्न है।

11.3 **परिषद् ने इसे नोट किया और एमएसडीई से एमओयू पर शीघ्र हस्ताक्षर करने का अनुरोध किया।**

कार्यसूची मद 12 : संकल्प योजना के अंतर्गत परियोजनाओं और कार्य की प्रगति की स्थिति के संबंध में सूचना

12.1 परिषद् को एमएसडीई के अनुमोदन से संकल्प योजना के अन्तर्गत परियोजनाओं की स्थिति और नियुक्त पीएमयू टीम के कार्य की प्रगति के बारे में संक्षेप में बताया गया, जो नीचे तालिका में दिया गया है :

वर्क स्ट्रीम	10वीं एनसीवीईटी परिषद् की बैठक के अनुसार कार्रवाई योग्य बिंदु	प्रतिबद्धता की तारीख	वर्तमान स्थिति	आगे की कार्रवाई
निगरानी तंत्र: मूल्यांकन एजेंसियां (एए)	**अंतिम रूप दिया गया:** • डेशबोर्ड का विकास किया जा रहा है। • जोखिम निगरानी और रेटिंग फार्मेट • डीईपी में शामिल	15.03.2024	• एनसीवीईटी को एक बुनियादी एए निगरानी डेशबोर्ड प्रस्तुत किया गया है। यह अभी अंतिम रूप दिए जाने की प्रक्रिया में है। • एनसीवीईटी के साथ परामर्श करके विस्तृत उत्कृष्टता	• एए वार्षिक कार्यक्रम फार्मेट • एए मार्च-अप्रैल 2024 विश्लेषण • अर्हता-वार विश्लेषण

	करने के लिए टीसीएस/एनसीवीईटी के साथ साझा किया।		जोखिम फ्रेमवर्क और स्कोरिंग मेट्रिक्स तैयार किया गया है तथा सार्वजनिक परामर्श के लिए प्रकाशित किए गए एए दिशा-निर्देशों में शामिल किया गया है। **अन्य उपलब्धियां** • नवंबर और दिसंबर, 2023 के लिए रेड फ्लैग एए का उल्लेख करते हुए विस्तृत मासिक एए विश्लेषण एनसीवीईटी के साथ साझा किया गया है। • माह जनवरी और फरवरी 2024 के लिए डेटा कोलेशन और क्लीनिंग • मूल्यांकन एजेंसी दिशा-निर्देशों के निगरानी खंड का प्रारूप तैयार किया गया और एए दिशा-निर्देशों के अन्य पहलुओं पर इनपुट प्रदान किए।	
निगरानी तंत्र: अवार्डिंग निकाय(एबी)	• डेटा वैधता के साथ मासिक डेटा के फार्मेट को अन्तिम रूप दिया गया है, और एबी के साथ साझा किया गया है।	29.02.2024	• एबी के पायलेट डेटा से लर्निंग के अनुसार अवार्डिंग निकायों के लिए मासिक निगरानी फार्मेट को अंतिम रूप दिया गया है। **अन्य उपलब्धियां** • एनसीवीईटी के साथ परामर्श करके अवार्डिंग निकायों की निगरानी के लिए प्रारूप उत्कृष्ट जोखिम फ्रेमवर्क	• एबी के साथ मासिक फार्मेट साझा करना। • अवार्डिंग निकायों के लिए ऑनलाइन ओरिएंटेशन • दिशानिर्देशों ओर डीईपी वायरफ्रेम को अंतिम रूप

			तैयार किया। • सार्वजनिक परामर्श के लिए अवार्डिंग निकाय के निगरानी खंड का प्रारूप तैयार किया।	देने में डेटा विश्लेषण से सीखना
डीईपी सपोर्ट	• दिए गए और शामिल किए गए इनपुट पर डीईपी टीम (एनसीवीईटी + टीसीएस) के साथ समीक्षा और विचार-विमर्श	31.03.2024		• एनएसक्यू एफ विवरणों को अंतिम रूप देना

12.2 संकल्प टीम व्यावहारिक मूल्यांकन को स्वत: बनाने पर भी काम कर रही है और उनमें से कुछ में अन्तरिम रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है, जिसकी समीक्षा की जा रही है और आगे संशोधित की गई है। इसके अतिरिक्त, नई प्रासंगिक परियोजनाएं एनसीवीईटी/ एमएसडीई के परामर्श से तलाशी जा रही है।

12.3 **परिषद् ने संतुष्टि के साथ इसे नोट किया।**

कार्यसूची मद 13 : वीईटीएस पारिस्थितिकी तंत्र में भारतीय भाषाओं के कार्यान्वयन की स्थिति की सूचना "व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण और कौशल भारतीय भाषाओं के कार्यान्वयन संबंधी प्रगति"

13.1 परिषद् को यह अवगत कराया गया था कि एनसीवीईटी ने व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण पहल को पूरे देश में लागू करने में भारतीय भाषाओं के उपयोग पर बल दिया है, जिसका उद्देश्य भाषा को कौशल व्यवस्था के भीतर शिक्षार्थियों के लिए अवरोध बनने से रोकना है।

13.2 इस संबंध में, एनसीवीईटी ने सभी अवार्डिंग निकायों को द्विभाषी फार्मेट में एनएसक्यूएफ संरेखण और एनएसक्यूसी द्वारा अनुमोदन के लिए अपेक्षित सभी अर्हताओं को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त, अवार्डिंग निकायों को यह सुनिश्चित करने का अधिदेश

दिया है कि अर्हताएं और साथ में पाठ्यचर्चा तथा प्रशिक्षण संसाधनों को द्विभाषी रूप में सुलभ कराया गया है।

13.3 एनसीवीईटी ने सभी अवार्डिंग निकायों को निदेश दिया था कि वे विगत में अनुमोदित अर्हताओं, पाठ्यचर्चा और प्रशिक्षण संसाधनों के हिंदी में आवश्यकतानुसार अन्य भाषाओं में अनुवाद की प्रक्रिया में तेजी लाएं। वर्तमान में, 68% सक्रिय अर्हताएं सफलतापूर्वक अनुदित की जा चुकी हैं।

13.4 **परिषद् ने संतुष्टि के साथ इसे नोट किया।**

कार्यसूची मद 14 : एनसीवीईटी में राजभाषा के कार्यान्वयन की स्थिति की सूचना

14.1 परिषद् को अवगत कराया गया कि संघ की राजभाषा नीति के अनुपालन में एनसीवीईटी में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने के लिए अनवरत प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में 21 फरवरी, 2024 को आयोजित एनसीवीईटी परिषद् की पिछली बैठक से अब तक की प्रगति का विवरण निम्नानुसार है :-

14.2 एनसीवीईटी के कार्मिकों को राजभाषा संबंधी विभिन्न उपबंधों से अवगत कराने और उन्हें अपनी डेस्क से संबंधित अधिक से अधिक कामकाज हिंदी में करने हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिनांक 29.02.2024 को एनसीवीईटी में कार्यरत सभी डीईओ एवं लेखा सहायक/ कार्यालय सहायक के लिए एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें श्री बी.के. सिंह, सलाहकार (वित्त) तथा श्री अविनाश कुमार श्रीवास्तव, सलाहकार (राजभाषा) द्वारा कार्मिकों को राजभाषा हिंदी से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। इस कार्यशाला के दौरान कार्मिकों को राजभाषा हिंदी में काम करने हेतु प्रोत्साहित करने और उनके मन में हिंदी में काम करने के प्रति रुचि उत्पन्न करने के प्रयोजन से कार्मिकों को रोजाना 'आज का शब्द' और 'लोकोक्तियां' शीर्षक से परिचालित हिंदी शब्दों एवं लोकोक्तियों तथा लिखित एवं ऑडियो रूप में उपलब्ध कराई गई हिंदी कहानियों से संबंधित एक प्रश्न-पत्र भी हल के लिए दिया गया, जिसके आधार पर तीन प्रोत्साहन पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यशाला में कुल 13 कर्मचारियों ने भाग लिया।

14.3 एनसीवीईटी की हिंदी के प्रगामी प्रयोग की स्थिति से संबंधित तिमाही प्रगति की समीक्षा करने और परिषद् में राजभाषा हिंदी का प्रयोग बढ़ाने के संबंध में चर्चा करने और आवश्यक निर्णय लेने हेतु श्रीमती विनीता अग्रवाल, कार्यकारी सदस्य की अध्यक्षता में दिनांक 19.03.2024 को एनसीवीईटी की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की कार्यसूची और कार्यवृत्त हिंदी में जारी किए गए।

14.4 एनसीवीईटी में कार्यरत सभी प्रधान निजी सचिवों/ निजी सहायकों/ सलाहकारों (सेवानिवृत्ति के पश्चात् नियुक्त) तथा यंग प्रोफेशनलों (सूची संलग्न) के लिए दिनांक 27.03.2024 को एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त हिंदी कार्यशला में श्री अमित प्रकाश, सेवानिवृत्त निदेशक, भारत सरकार, कृषि मंत्रालय, नई दिल्ली ने कार्मिकों को राजभाषा हिंदी से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। इसके अतिरिक्त कार्मिकों को रोजाना 'आज का शब्द' और 'लोकोक्तियां' शीर्षक से परिचालित हिंदी शब्दों एवं लोकोक्तियों तथा लिखित एवं ऑडियो रूप में उपलब्ध कराई गई हिंदी कहानियों से संबंधित एक प्रश्न-पत्र भी हल के लिए दिया गया जिसके आधार पर तीन प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यशाला में कुल 23 कार्मिकों ने भाग लिया।

14.5 एनसीवीईटी की हिंदी के प्रगामी प्रयोग की स्थिति की 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही प्रगति रिपोर्ट भाग-I व भाग-II (वार्षिक रिपोर्ट) राजभाषा विभाग, भारत सरकार की वेबसाइट पर दिनांक 10.04.2024 को अपलोड कर दी गई। कार्यालय द्वारा दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के 64.6 प्रतिशत की तुलना में इस तिमाही में हिंदी में भेजे गए पत्रों का प्रतिशत लगभग 6 प्रतिशत बढ़कर 70.35 प्रतिशत हो गया। आशा है इसी प्रकार प्रगति करते हुए कार्यालय द्वारा शीघ्र ही शत-प्रतिशत हिंदी पत्राचार का लक्ष्य प्राप्त कर लिया जाएगा।

14.6 एनसीवीईटी में राजभाषा का प्रयोग बढ़ाने के लिए किए जा रहे उक्त प्रयासों से कार्यालय में राजभाषा हिंदी के प्रयोग में निरंतर वृद्धि हो रही है।

14.7 **परिषद् ने उक्त जानकारी को नोट लिया और संतोषजनक बताया।**

कार्यसूची मद 15 : डीईपी पोर्टल के विकास के लिए सिस्टम इंटिग्रेटर के कार्य की स्थिति/ प्रगति और

एनसीवीईटी डीईपी पोर्टल के लिए क्वाउड इंफ्रास्ट्रक्चर की खरीद के लिए अपेक्षित बजट के प्रावधान की सूचना

15.1 परिषद् को संक्षेप में अवगत कराया गया था कि परिषद् की 10वीं बैठक में यह अवगत कराया गया था कि डीईपी पोर्टल (टीसीएस) के विकास के लिए सिस्टम इंटिग्रेटर ने अनेक विचार-विमर्श/ कार्यशालाओं/ बैठकों के बाद अपेक्षा के अनुसार, एनसीवीईटी के सभी चार कार्यों के लिए वायरफ्रेम का विकास किया है। तदोपरांत, वायरफ्रेम की आन्तरिक रूप से समीक्षा की गई थी और साथ ही, उन पर उनके इनपुट के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ साझा भी किया गया। इस प्रकार प्राप्त इनपुट को उपयुक्त रूप से शामिल किया गया है। परिषद् को वायरफ्रेम की प्रगति पर अद्यतन स्थिति प्रदान की गई थी, जो नीचे दी गई है :-

क्र.सं.	कार्य	स्थिति	अभियुक्तियां
1.	अर्हता, एनओएस, माइक्रो/ नेनो क्रेडेंशियल अनुमोदित, जिसमें संशोधन और अंगीकरण शामिल हैं।	प्रगति पर	टीसीएस ने पहले ही टेम्पलेट के आधार पर वायरफ्रेम और एनसीवीईटी द्वारा प्रदान किए गए इनपुट का विकास किया है।
2.	वायरफ्रेम मान्यता - अवार्डिंग निकाय और मूल्यांकन एजेंसी	प्रगति पर	एनसीवीईटी ने वायरफ्रेम की पूर्ण समीक्षा के बाद परियोजना में विलंब को न्यूनतम करने के लिए 3 मई, 2024 को इस माड्यूल के विकास के लिए एक सशर्त अनुमोदन प्रदान किया। टीसीएस ने इसके लिए विकास शुरु किया है। टीसीएस ने इस माड्यूल के लिए 15 मई 2024 को एसआरएस साझा किया है और एनसीवीईटी द्वारा अन्तिम एबी और एए मान्यता प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार इसकी समीक्षा की जा रही है।
3.	शिकायत निवारण प्रणाली	प्रगति पर	एनसीवीईटी ने 3 मई, 2024 को इस माड्यूल के विकास के लिए सशर्त अनुमोदन प्रदान किया। टीसीएस ने इसके लिए विकास शुरु कर दिया है।

			टीसीएस ने इस माड्यूल के लिए 8 मई, 2024 को संशोधित एसआरएस साझा किया है।
4.	निगरानी- अवार्डिंग निकाय और मूल्यांकन एजेंसियां	प्रगति पर	टीसीएस द्वारा साझा किया गया संशोधित वायरफ्रेम इनपुट के लिए हितधारकों के साथ साझा किया गया है (कार्य प्रगति पर)

15.2 परिषद् ने अपनी 10वीं बैठक में यह भी अवगत कराया कि एनसीवीईटी के लिए डिजिटल इंटरप्राइज पोर्टल (डीईपी) का विकास, कार्यान्वयन और रखरखाव करने के लिए सिस्टम इंटिग्रेटर के चयन के लिए आरएफपी के अनुसार, डीईपी आवेदन एनसीवीईटी द्वारा प्रदान किए जाने वाले क्लाउड पर डाला जाएगा। क्लाउड को सिस्टम इंटिग्रेटर द्वारा प्रदान की गई अपेक्षाओं के अनुसार उक्त आवेदन को डालने के लिए क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर की खरीद के लिए 'सैद्धान्तिक' अनुमोदन पहले ही प्रदान किया जा चुका था। तद्नुसार, एनसीवीईटी ने 5 वर्ष और 6 माही की अवधि के लिए केवल 3,98,65,371.70/- लागत के साथ 10% की भिन्नता (जो कि अनुमोदित परियोजना लागत के अंदर है) और 1 वर्ष की अवधि के लिए 72,48,249.41/- (+ जीएसटी) के अग्रिम भुगतान के लिए एनआईसीएसआई के माध्यम से एनआईसी से क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर की खरीद के लिए एनआईसीएसआई से प्रोफार्मा इनवायस प्राप्त किया है।

15.3 अब, डीईपी की विकास प्रक्रिया ऐसी अवस्था पर पहुंच गई है, जहां सिस्टम इंटिग्रेटर को पोर्टल चालू करने के लिए क्लाउड की जरूरत पड़ेगी और पोर्टल चालू करने के लिए क्लाउड सेवाएं प्रदान करने में कोई भी विलंब ग्राहक (एनसीवीईटी) की जिम्मेदारी होगी और जवाबदेही होगी।

15.4 परिषद् के अनुदेशों के अनुसार, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर की खरीद के लिए अन्तिम लागत पर कार्यसूची पहले ही परिचालन के माध्यम से परिषद् के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया है।

15.5 **परिषद् ने उपरोक्त इनपुट को नोट किया और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर की अनिवार्य आवश्यकता को देखते हुए उसे अनुमोदित किया।**

कार्यसूची मद 16 : एनआईसी, एमईआईटीवाई, भारत सरकार द्वारा जारी डिजिटल ब्रांड पहचान मैनुअल (डीबीआईएम) दिशानिर्देशों के अनुसार, एनसीवीईटी वेबसाइट का पुनर्गठन और पुन: डिजाइनिंग

16.1 परिषद् को संक्षेप में बताया गया था कि एनसीवीईटी वेबसाइट हाल ही में मैसर्स सिकोइया फिटनेस और स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी प्रा. लि. द्वारा कौशल व्यवस्था में विभिन्न हितधारकों और एनसीवीईटी अधिकारियों के साथ अनेक हितधारक परामर्शों के बाद, जेम के माध्यम से अपग्रेड किया गया है।

16.2 परिषद् को यह भी अवगत कराया गया था कि परिषद् ने अपनी 10वीं बैठक में, वेबसाइट में आवश्यक अनेक संशोधनों और परिवर्तनों को पहले ही अनुमोदित किया है, ताकि इसे एनसीआरएफ और अन्य नीति और विनियामक परिवर्तनों के साथ संरेखित किया जा सके और ऐसे संशोधनों का अनुबंध में पहले ही प्रावधान किया गया था। मौजूदा वेंडर ने आकलन करके 7,00,000/- (सात लाख रु. केवल) की अतिरिक्त लागत का उल्लेख किया है अथवा शामिल प्रयासों के आधार पर इस अतिरिक्त कार्य को किया है, जिसका मौजूदा वेंडर द्वारा दिए गए अनुमानित श्रम मास प्रयासों को सत्यापित/ जांचने के लिए एक तकनीकी मूल्यांकन समिति (टीईसी) गठित करके मूल्यांकन किया जाना था।

16.3 तदोपरांत, एनआईसी ने यह बताया कि सभी सरकारी वेबसाइट भारत सरकार के डिजिटल फुटप्रिंट के अनुसार होनी चाहिए, जिसका उद्देश्य भारत सरकार के डिजिटल फुटप्रिंट पर यूजर इंटरफेस और यूजर अनुभव (यूआई/ यूएक्स) के अनुसार सुसंगत और प्रभावकारी संदेश सुनिश्चित हो सके। तद्नुसार, इलैक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सरकारी वेबसाइट और ऐप में कंटेंट का केन्द्रीकृत प्रकाशन सुनिश्चित करने के लिए एक डिजिटल ब्रांड पहचान मैनुअल (डीबीआईएम) विकसित किया है। इसके अलावा, सभी मंत्रालयों/ विभागों को यह सुनिश्चित करने के लिए परामर्श दिया गया है कि वेबसाइट पर सही और अद्यतन कंटेंट हो, वेबसाइट के उपयोग का पता चल सके, यूआई/ यूएक्स में सुधार हो सके ओर यह सुनिश्चित हो सके कि भारतीय सरकारी वेबसाइट (जीआईजीडब्ल्यू) के लिए अद्यतन दिशानिर्देशों के साथ अनुपालना हुई है।

16.4 उपरोक्त को देखते हुए, जीआईजीडब्ल्यू दिशानिर्देशों की अनुपालना और उपरोक्त पैरा में प्रस्तावित संशोधनों और परिवर्तनों सहित डीबीआईएम के सफल कार्यान्वयन के लिए

एनसीवीईटी वेबसाइट में वृद्धि आवश्यक है, जो मौजूदा वेन्डर के माध्यम से शुरु नहीं किया गया हो, एनसीवीईटी जीएफआर और जेम प्रक्रिया के अन्तर्गत यथाप्रदत्त विधिवत अनुसरण करके एक वेंडर को ऑनबोर्ड कर सकता है।

16.5 उपरोक्त को देखते हुए, परिषद् से डिजिटल ब्रांड पहचान मैनुअल (डीबीआईएम) तथा जीआईजीडब्ल्यू मानकों के प्रावधानों के अनुसार ई-जूम खरीद प्रक्रिया के माध्यम से एक एजेंसी के चयन के लिए 'सैद्धान्तिक' अनुमोदन प्रदान करने का अनुरोध किया गया था।

16.6 **परिषद् ने उपरोक्त को नोट किया और उसे अनुमोदित किया।**

कार्यसूची मद 17: एनसीवीईटी की अन्य उपलब्धियों की सूचना

17.1 : वर्ष 2020 से एनसीवीईटी द्वारा प्रकाशित नीतियों और दिशानिर्देशों का संकलन

17.1.1 परिषद् को संक्षेप में यह बताया गया था कि एनसीवीईटी ने दिशानिर्देशों और नीतियों का एक व्यापक सेट तैयार किया है, जो विभिन्न क्षेत्रों में वीईटी व्यवस्था का मार्गदर्शन करेंगे। एनसीवीईटी का प्राथमिक लक्ष्य सभी क्षेत्रों में पारदर्शिता, निरंतरता और अनुपालना करना है, ताकि सामूहिक प्रगति के लिए एक अनुकूल वातावरण को प्रोत्साहित किया जा सके। इस संकलन में भारत में एक मजबूत कौशल व्यवस्था तैयार करने के लिए एनसीवीईटी द्वारा विकसित व्यापक नीति फ्रेमवर्क और दिशानिर्देश का ब्यौरा दिया गया है।

17.1.2 इस संकलन में विस्तृत दिशानिर्देश और नीतियां शामिल हैं, जो संस्थानों की मान्यता सहित वीईटी के विभिन्न पहलुओं, प्रशिक्षण के लिए प्रचालनात्मक मैनुअल, मूल्यांकन, प्रमाणन, और मिश्रित अधिगम दृष्टिकोण को शामिल करते हुए तैयार किए गए हैं। इसमें पूर्व अधिगम, आजीवन अधिगम, और कौशल डिप्लोमा दिशानिर्देश, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ) और राष्ट्रीय कौशल अर्हता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) की मूल भावना, सिद्धान्तों और प्रोटोकॉल को शामिल करने पर विचार किया गया है। यह मैनुअल निर्देशालय विधि से मूल्यांकन फ्रेमवर्क तक व्यावसायिक और कौशल उत्कृष्टता के लिए एनसीवीईटी के प्रयासों को संरेखित करता है। इन दिशानिर्देशों और नीतियों का पालन करने

से सभी हितधारकों की साझा योग्यता सुदृढ़ होगी ताकि छात्रों, शिक्षार्थियों, कार्यबल, उद्योग भागीदारों और हितधारकों के लिए प्रभावी तरीके से काम हो सके।

17.1.3 यह संकलन प्रत्येक हितधारक के लिए व्यावसायिक शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल व्यवस्था में उनकी भूमिका का अनुभव के बावजूद अपेक्षित है। इन दिशानिर्देशों में दक्षता और उनका प्रयोग होने से व्यावसायिक शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल मिशन के लिए महत्वपूर्ण योगदान के लिए अनुभवी और पेशेवर दोनों सक्षम होंगे।

17.1.4 **परिषद् ने दिशानिर्देशों और नीतियों का संकलन तैयार करने की पहल की सराहना की और संतुष्टि के साथ प्रगति को नोट किया तथा उन्हें अनुमोदित किया।**

17.1.5 **यह भी निर्णय लिया गया था और अनुमोदित किया गया था कि एनसीवीईटी विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों/ निकायों, राज्य सरकारों/ निकायों, यूजीसी, एआईसीटीई, एनसीईआरटी, अवार्डिंग निकायों और मूल्यांकन एजेंसियों, उद्योग हितधारकों, गणमान्य व्यक्तियों और परिषद् के सदस्यों को नि:शुल्क प्रदान करने के लिए संकलन की संरचना का आकलन करे और जीएफआर/ जेम के प्रावधानों का अनुसरण करते हुए उन्हें प्रिंट कराए।**

17.2 मान्यताप्राप्त अवार्डिंग निकायों को क्षमता निर्माण की पहल के संबंध में सूचना

17.2.1 प्रक्रिया के भाग के रूप में, अवार्डिंग निकाय (एबी) के रूप में एनसीवीईटी की मान्यता चाहने वाली संस्थाओं को अनंतिम मान्यता प्रदान करने के लिए आशय पत्र (एलओआई) जारी करने की तारीख से 90 दिनों के भीतर राष्ट्रीय कौशल अर्हता समिति (एनएसक्यूसी) के अनुमोदन के लिए, उनके द्वारा कम से कम एक अर्हता प्रस्तुत करना आवश्यक है।

17.2.2 प्राय: अनंतिम रूप से मान्यता प्राप्त एबी द्वारा प्रस्तुत अर्हताओं में अर्हता विकास के लिए मानकीकृत मानकों की तर्ज पर राष्ट्रीय कौशल अर्हता फ्रेमवर्क (एनएसआरएफ) की समझ और ज्ञान का अभाव होता है। अनंतिम रूप से मान्यताप्राप्त अवार्डिंग निकाय के समक्ष आई चुनौतियों का समाधान करने के लिए और एनएसक्यूएफ के तहत अर्हता के विकास में सुविधा के लिए एनसीवीईटी प्रत्येक माह के तीसरे गुरुवार को 'क्षमता निर्माण कार्यशाला' आयोजित करने की पहल कर रही है, जिसमें कि सभी पात्र और इच्छुक आवेदक अपने आप को

एनसीवीईटी की वेबसाइट के माध्यम से पंजीकृत करा सकें और इसके लिए अपनी मौजूदगी दर्ज करा सकें।

17.2.3 इसके अतिरिक्त, एनसीवीईटी केन्द्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों, मान्यता प्राप्त अवार्डिंग निकायों और उच्चतर शिक्षा संस्थानों और स्कूल बोर्डों सहित संस्थाओं के साथ-साथ अन्य हितधारकों के लिए राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क, राष्ट्रीय कौशल अर्हता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ), आईडीपी, अवार्डिंग निकायों के रूप में संस्थाओं की मान्यता आदि जैसे विभिन्न मामलों पर नियमित रूप से जागरुकता और क्षमता निर्माण कार्यशालाएं कर रही हैं।

17.2.4 **परिषद् ने इस नोट किया और प्रत्येक माह के तीसरे गुरुवार को 'क्षमता निर्माण कार्यशालाएं' आयोजित करने का प्रस्ताव अनुमोदित किया।**

17.2.5 **इसके अलावा, परिषद् ने मांग के आधार पर ये "क्षमता निर्माण कार्यशालाएं' आयोजित करने का भी परामर्श दिया।**

17.2.6 **इसके अलावा, परिषद् ने अर्हता विकास संबंधी क्षमता निर्माण, एनएसक्यूएफ संरेखण आदि के लिए एक डिजिटल पाठ्यक्रम विकसित करने और इसे आईजीओटी कर्मयोगी प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराने का सुझाव दिया।**

17.3 सरकारी योजनाओं के लिए सैन्य बलों के सेवानिवृत्त कार्मिकों की क्षेत्रगत/ भौगोलिक उपलब्धता के लिए अनुदेशकों/ प्रशिक्षकों और मूल्यांकनकर्ताओं का पूल तैयार करना

17.3.1 परिषद् को यह अवगत कराया गया था कि भारत में व्यावसायिक शिक्षा और कौशल परिदृश्य कौशल अन्तराल को पूरा करने और युवाओं के बीच रोजगार योग्यता बढ़ाने पर केन्द्रित अनेक पहलों द्वारा, तेजी से संचालित और विकसित हो रहे हैं। इस परिवर्तन के मध्य में राष्ट्रीय मिशन और योजनाएं हैं, जो पीएमकेवीवाई, पीएम विश्वकर्ता, डीडीयूजीकेवाई आदि जैसे विभिन्न कौशलों के साथ व्यक्तियों को तैयार करने के लिए डिजाइन किए गए प्रशिक्षण और प्रमाण-पत्र कार्यक्रमों का प्रस्ताव करते हैं।

17.3.2 रक्षा बलों से प्रत्येक माह विभिन्न कौशलों में व्यापक ज्ञान और अनुभव वाले काफी संख्या में अत्यधिक अनुभव सैन्य बल कार्मिक (करीब 6,000) सेवानिवृत्त होते हैं। ये कार्मिक सामान्यत: 40 वर्षों के आस पास की अपेक्षाकृत युवा उम्र में सेवानिवृत्त हो रहे हैं, अल्प प्रयुक्त राष्ट्रीय संसाधन रहते हैं। उनकी जल्दी सेवानिवृत्ति होने के कारण, उनमें से कई वर्किंग एज ग्रुप में होते हैं और अपने परिवार से काफी अधिक समय से दूर रहने के बाद वे अपने स्थानीय क्षेत्र में काम करना पसंद करेंगे। उन्हें प्रशिक्षकों और मूल्यांकनकर्ताओं के रूप में लगातार उनके सामर्थ्य का प्रभावी उपयोग किया जा सकेगा।

17.3.3 कौशल व्यवस्था में वृद्धि करने के लिए इन संसाधनों को जुटाने के लिए एमएसडीई, रक्षा (तीनों सेनाओं) को मिलाकर एक विचार-विमर्श बैठक आयोजित की गई थी और एनसीवीईटी के अध्यक्ष द्वारा उसकी अध्यक्षता की गई थी। इसे देखते हुए, एनएसडीई ने विभिन्न भूमिकाओं में, राज्य और जिला-वार प्रशिक्षकों और मूल्यांकनकर्ताओं की जरूरतों की एक व्यापक सूची साझा की। साथ ही साथ रक्षा संगठनों ने राज्य और जिला-वार सेवानिवृत्त सेना कार्मिकों की उपलब्धता के ब्यौरे सहित एक सूची प्रदान की। इन अत्यधिक अनुभव वाले प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए मान्यताप्राप्त किया जाएगा और प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण (टीओटी) के लिए प्रशिक्षण हेतु नामित संस्थानों में ब्रिज माड्यूल भी शामिल किया जा सकता है।

17.3.4 उनके व्यापक अनुभव को देखते हुए, उन्हें एमएसडीई/ एमएसएमई की पीएम - विश्वकर्मा - अग्रगामी योजना के लिए निर्धारित तरीके से मूल्यांकन करने के लिए भी उपयोग में लाया जा सकता है, जिसमें कि एक संस्थान के प्रशिक्षण के लिए दूसरे संस्थान में अभ्यर्थी का मूल्यांकन करने के लिए प्रावधान किया गया है।

17.3.5 प्रशिक्षकों और मूल्यांकनकर्ताओं की उपलब्धता का ब्यौरा एक प्रायोगिक परियोजना के रूप में कार्यान्वयन हेतु एमएसडीई के साथ साझा किया गया है।

इसके अतिरिक्त, यह भी निर्णय लिया गया है कि आईएनआई और सीयू भी फेकल्टी को किसी अलग प्रमाणन के बिना अधिकांश कौशल आधरित पाठ्यक्रमों को पढ़ाने में समर्थ किया जा सके और उन्हें प्रमाणित प्रशिक्षकों, मास्टर प्रशिक्षकों और मूल्यांकनकर्ताओं के समान माना जा सकता है। यहां तक कि ऐसे मामले में भी, जहां पर किसी संस्थान के पास किसी

विशिष्ट कौशल आधारित पाठ्यक्रम के लिए अपेक्षित प्रशिक्षक नहीं होते, तो उनकी अनुदेशकों के पूल से अथवा उद्योग से संबंधित अवार्डिंग निकाय के माध्यम से नियोजन/ व्यवस्था की जा सकती है।

17.3.6 इसके अतिरिक्त, एनसीवीईटी एडजूटेंट जनरल ब्रांच, रक्षा मंत्रालय के एकीकृत मुख्यालय जैसे वरिष्ठ अधिकारियों को संरेखित करने के लिए आवश्यक प्रयास कर रही है। सेना प्रशिक्षण कमान और महानिदेशक, पुनर्वास द्वारा एक ऐसा मंत्र बनाया जाए जिसमें कि अनुदेशकों की उपलब्धता का नियमित रूप से अद्यतन हो, जिसमें हर माह तीनों सेवाओं से सेवानिवृत्त कार्मिकों को शामिल किया जाए, उसकी सूचना एनसीवीईटी और एमएसडीई के साथ साझा की जाए।

17.3.7 परिषद् ने उपरोक्त को नोट किया और उसे अनुमोदित किया।

17.4 सेवानिवृत्त रक्षा अनुदेशकों और प्रशिक्षकों के अनुभव और विशेषज्ञता का उपयोग करने के लिए वीईटीएस व्यवस्था में मास्टर प्रशिक्षकों और मास्टर मूल्यांकनकर्ताओं की उपलब्धता को सुविधाजनक बनाने के लिए अनुकूल प्रावधान

17.4.1 परिषद् को यह अवगत कराया गया था कि प्रशिक्षक और मूल्यांकनकर्ता अधिगम, कौशल विकास, और रोजगार योग्यता में सुविधा प्रदान करके कौशल व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जबकि गुणवत्ता आश्वासन भी सुनिश्चित करते हैं। प्रशिक्षक शिक्षार्थियों को ज्ञान, कौशल और विशेषज्ञता प्रदान करने के लिए जिम्मेदार हैं। वे एक संरचित और स्वाभाविक तरीके से सूचना प्रस्तुत करके अधिगम प्रक्रिया में सुविधा प्रदान करते हैं, जबकि मूल्यांकनकर्ता यह सुनिश्चित करके शिक्षार्थियों और प्रदर्शन का मूल्यांकन करते हैं कि वे अपेक्षित मानकों और क्षमताओं को पूरा करते हैं।

17.4.2 राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ) के कार्यान्वयन के साथ ही, व्यावसायिक शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल (वीईटीएस) का उच्चतर शिक्षा और स्कूल शिक्षा व्यवस्था में एकीकरण समय की जरूरत है, जिसमें समग्र शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल में गुणवत्तापरक प्रशिक्षकों और मूल्यांकनकर्ताओं की उपलब्धता की और भी आवश्यकता है।

17.4.3 एमएसडीई सहित विभिन्न हितधारकों, कौशल पहल का कार्यान्वयन करने वाले एनएसडीसी और योजनाओं ने कौशल व्यवस्था में गुणवत्तापरक अनुदेशक/ प्रशिक्षक/ मूल्यांकनकर्ता की कमी की समस्या का उल्लेख किया है, जिससे न केवल प्रशिक्षण की गुणवत्ता बल्कि वीईटीएस योजनाओं की प्रभावकारिता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

17.4.4 परिषद् को यह अवगत कराया गया था कि प्रशिक्षकों/ मास्टर प्रशिक्षकों और मूल्यांकनकर्ताओं की मौजूदा कमी को दूर करने के उद्देश्य से, एनसीवीईटी ने "प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए दिशानिर्देश" के पैरा 8.2 पर प्रावधान का उल्लेख करते हुए एक आदेश जारी किया है - **'रक्षा बलों द्वारा सशक्त मूल्यांकन के बाद अनुदेशकों की पहचान और प्रशिक्षण के लिए अपनाई जा रही कड़ी प्रक्रिया को देखते हुए, भारत के रक्षा बलों से सेवानिवृत्त हुए सभी अनुदेशकों को उनके क्षेत्र में उनके प्रशिक्षण और अनुभव को देखते हुए संगत व्यापार/ अर्हताओं में प्रशिक्षित प्रशिक्षक/ मास्टर प्रशिक्षक प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया माना जाएगा। ऐसे अनुदेशकों को सभी प्रयोजनों के लिए अन्य टीओटी प्रमाणित प्रशिक्षकों/ मास्टर प्रशिक्षकों को समतुल्य माना जाएगा।**

17.4.5 तदनुसार, सभी अवार्डिंग निकायों को परामर्श/ अनुरोध किया गया है कि वे आदेश में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार विभिन्न एनएसक्यूएफ संरेखित और अनुमोदित अर्हताओं के लिए प्रशिक्षण में लगे अनुदेशकों को प्रशिक्षक/ मास्टर प्रशिक्षक और मूल्यांकनकर्ता/ मास्टर मूल्यांकनकर्ता प्रमाण पत्र प्रदान करें।

17.4.6 इस पहल से सभी व्यावसायिक शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल कार्यक्रमों/ योजनाओं के कार्यान्वयन को और भी सुदृढ़ बनाने के लिए और इन अत्यधिक प्रशिक्षित संसाधनों का राष्ट्रव्यापी प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए, अपेक्षित अकादमिक, व्यावसायिक और शैक्षणिक गुणों के साथ अत्यधिक प्रशिक्षित और सुशिक्षित अनुदेशकों और मूल्यांकनकर्ताओं का एक केन्द्रीय पूल तैयार किया जा सकेगा।

17.4.7 **परिषद् ने उपरोक्त प्रस्ताव पर विचार किया और उसे अनुमोदित किया।**

17.4.8 **इसके अलावा, परिषद् ने यह सुझाव दिया कि "रक्षा बल अवार्डिंग निकाय" मास्टर प्रशिक्षक/ मास्टर मूल्यांकनकर्ता अर्हता (एनएसक्यूएफ स्तर 6) विकसित कर सकते हैं। इससे उन्हें मूल्यांकन करने और सेवानिवृत्ति के बाद अनुदेशकों की रोजगार योजना में वृद्धि करने वाले उनके संबंधित डोमेन में मास्टर प्रशिक्षक/ मास्टर मूल्यांकनकर्ता की जॉब भूमिकाओं के लिए उनके अनुदेशकों का मूल्यांकन करने और प्रमाणित करने में समर्थ बनाया जा सकेगा।**

17.4.9 **परिषद् ने एमएसडीई को आईटीआई की व्यवस्था में इन सेवानिवृत्त रक्षा बलों के अनुदेशकों को नियुक्त करने के लिए समुचित प्रावधान करने के लिए कहने का भी परामर्श दिया है।**

17.5 राष्ट्रीय स्तर के फ्रेमवर्क को तैयार करने और अन्तिम रूप देने में एनसीवीईटी की भूमिका

17.5.1 परिषद् को माननीय प्रधान मंत्री के भारत को "दुनिया की कौशल राजधानी" बनाने के विजन के अनुसार विभिन्न मंत्रालयों में अनेक पहलों की अगुवाई/ समर्थन करने में कौशल के एक राष्ट्रीय नियामक के रूप में अतिरिक्त जिम्मेदारियों का संक्षिप्त विवरण दिया गया था। तद्नुसार, एनसीवीईटी ने निम्नलिखित नीतियों/ फ्रेमवर्क के प्रारूपण/ अंतिम रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है :-

क) हरित ऊर्जा कौशल क्षमता फ्रेमवर्क
ख) एकीकृत डिजिटल कौशल क्षमता विकास फ्रेमवर्क
ग) राष्ट्रीय आर्टिफिशल इंटेलिजेंस कार्यक्रम (एनपीएआई) कौशल फ्रेमवर्क
घ) सेमी कंडक्टर उद्योगों में कौशल के लिए रणनीतियां और कार्य योजना।

17.5.2 इन फ्रेमवर्क की कुछ बुनियादी विशेषताएं, उद्देश्य और स्थिति नीचे दी गई है:-

क) **हरित ऊर्जा कौशल क्षमता फ्रेमवर्क** : फ्रेमवर्क में अनिवार्य कौशलों की पहचान करना शामिल है, जैसे अक्षय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों और सतत डिजाइन, वर्तमान कार्यबल कौशल अन्तराल का मूल्यांकन और विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शैक्षणिक संस्थानों के साथ डिजाइनिंग। इसमें प्रमाणन मानकों की स्थापना करना, उद्योग की सरकारी

भागीदारियों को प्रोत्साहित करना, वित्तपोषण और संसाधन प्राप्त करना और मूल्यांकन मेट्रिक्स कार्यान्वित करना भी शामिल है।

ख) **एकीकृत डिजिटल कौशल विकास फ्रेमवर्क :** एक एकीकृत डिजिटल कौशल क्षमता फ्रेमवर्क के विकास के कार्यसूची में, अनिवार्य डिजिटल कौशलों की पहचान करना शामिल है, जैसे साइबर सुरक्षा, डेटा विश्लेषण, एआई और डिजिटल साक्षरता के क्षेत्रों में डिजिटल कौशल, इन्हें आगे निम्नलिखित में वर्गीकृत किया गया है :-

i. बुनियादी डिजिटल साक्षरता
ii. वैश्विक डिजिटल प्रवीणता
iii. टेक फुलेट
iv. डिजिटल पायनियर; और
v. क्रास सेक्टरल

इसमें कौशल व्यवस्था और एचईआई से शैक्षणिक संस्थानों के साथ विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रमों की डिजाइनिंग, प्रमाणन मानकों की स्थापना और उद्योग हितधारकों व सरकारी निकायों के साथ भागीदारी को प्रोत्साहित करना शामिल है।

ग) **राष्ट्रीय आर्टिफिशल इंटेलिजेंस कार्यक्रम (एनपीएआई) कौशल फ्रेमवर्क:** यह रिपोर्ट कौशल और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) द्वारा दिनांक 25 सितंबर, 2023 के का.ज्ञा. सं. ईपी/21/2023-पीओएल-सीडीएन के तहत अनुमोदित की गई है और इसका उद्देश्य सामान्य एआई सहित आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) में आवश्यक कौशलों के साथ राष्ट्र को तैयार करना है। रिपोर्ट के कुछ प्रमुख प्रावधानों/ सिफारिशों में कौशलों के अत्यंत महत्व पर बल दिया गया है, जो इस प्रकार है:-

i. एआई में कौशल अपेक्षाओं को तीन व्यापक श्रेणियों के तहत वर्गीकृत किया जाएगा:

(क) **"सभी के लिए" :** अंतिम प्रयोक्ताओं के लिए, जिन्हें एआई इंटरफेस एवं टूल्स का प्रभावी उपयोग करने, जिम्मेदार एआई प्रक्रियाओं को समझने और

संभावित नुकसानों का पता लगाने के लिए बुनियादी डिजिटल साक्षरता कौशल आवश्यक है।

(ख) **"कई" के लिए :** इसमें एआई आधारित व्यक्ति शामिल हैं, जो उत्पादकता बढ़ाना, एआई टूल्स का उपयोग करना और अपने संबंधित क्षेत्रों में एआई के प्रयोग को प्राप्त करना शामिल है।

(ग) **"कुछ" के लिए :** एआई कौशल व्यावसायिक, जिनके पास डिजिटल मास्टरी शामिल है, कोडिंग, डेटा विश्लेषण, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा, और क्लाउड केप्चूरिंग, सूचना सुरक्षा और अन्य संबंधित प्रौद्योगिकों जैसे क्षेत्रों में तकनीकी विशेषज्ञता शामिल है ताकि उन्हें एआई उत्पादन विकसित किए जा सकें और क्षेत्रों में सोल्यूशन शामिल हैं। इसमें विशिष्ट नए क्षेत्र जैसे स्पष्ट करने योग्य एआई, एआई के लिए विधि और विधि में एआई भी शामिल हैं, जिसे तैयार किया जाएगा।

ii. रिपोर्ट में ऐसे पाठ्यक्रमों का उच्च स्तरीय ब्यौरा प्रदान किया गया है, जो मौजूद हैं और जो भावी मांग को पूरा करने के लिए आईटी उद्योग और अन्य कारोबारी क्षेत्रों में सृजित किए जा सकते हैं। इसमें एआई पर फोकस वाले प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना, उद्योग के नेताओं के साथ भागीदारियों का सृजन, अनुसंधान और विकास को प्रोत्साहन और तकनीकी भागीदारों के साथ सहयोग की जरूरत के साथ एआई के क्षेत्र में उद्यमशीलता को बढ़ावा देना शामिल है।

इसमें शामिल कुछ क्षेत्र इस प्रकार हैं:-

(क) एआई की शुरुआत स्कूल में शुरुआती स्तर पर ही की जानी चाहिए, जहां पर बच्चों को एआई टूल्स का प्रयोग करना सिखाया जा सकता है और यह बताया जा सकता है कि एआई क्या है और यह पहचानना कि एआई का प्रयोग कहां किया जा रहा है।

(ख) विभिन्न स्रोतों से बड़ी संख्या में पाठ्यक्रम सामग्रियां उपलब्ध हैं। नया कंटेट सृजित करने के साथ साथ मौजूदा कंटेंट को प्रोत्साहित किया जाए और

श्रोताओं के आधार पर अनेक माध्यम जैसे स्वयं के प्रयासों से और मिश्रित माध्यमों से इसे जुटाया जा सकता है।

(ग) सभी पाठ्यक्रमों, छोटे और बड़े, में कम से कम 10% अवधि के लिए नैतिकता एआई पर माड्यूल होना चाहिए। नैतिकता, पारदर्शिता और निजता को एआई प्रशिक्षण कार्यक्रमों में एकीकृत किया जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि एआई सिस्टम जिम्मेदारी से विकसित और तैनात किया गया है।

(घ) **सेमी कंडक्टर उद्योगों में कौशल के लिए रणनीतियां और कार्य योजनाएं**: सेमी कंडक्टर इलैक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटिंग के लिए महत्वपूर्ण होते हैं, लेकिन इसकी वैश्विक रूप से कमी के कारण आर्थिक विकास और जॉब पर प्रभाव पड़ रहा है। इन संवेदनशीलताओं का समाधान करने के लिए, भारत का उद्देश्य सेमी कंडक्टर डिजाइन, निर्माण, और प्रौद्योगिकी विकास के लिए वैश्विक हब बनना है। अनुमानों के साथ यह सुझाव देते हुए कि भारत का सेमीकंडक्टर मार्केट 2026 तक करीब 64 बिलियन डॉलर हो सकेगा, जो वर्ष 2019 में इसके मूल्य का तीन गुणा है, उद्योग में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण विकास संचालक बनने की संभावना है।

iii. तदनुसार, सेमीकंडक्टर उद्योग में कुशल कार्यक्रम की जरूरतों को पूरा करने के लिए, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के तत्वावधान में रणनीतियां और कार्य योजना तैयार करने के लिए एक समिति गठित की गई है। समिति की सन्दर्भ की शर्तें इस प्रकार हैं :-

(कक) सेमीकंडक्टर की मूल्य श्रृंखला के क्षेत्र में सेमिकंडक्टर उद्योग की जरूरतों की पूर्ति करने वाले कौशल और कौशल उन्नयन कार्यक्रमों सहित अल्पावधिक और दीर्घावधिक कौशल पहल, दोनों के लिए रणनीतियां बनाना।

(खख) निवेश कंपनियों के साथ अनुबंध, जैसे विशिष्ट कौशल वाले कार्यबल की जरूरतों का व्यापक मूल्यांकन करने के लिए माइक्रोन टेक्नोलॉजी जैसे

निवेश कंपनियों को अनुबंधित करना, जिससे कि संरचनात्मक प्रशिक्षण योजना तैयार हो सके।

(गग) तकनीकी संस्थानों (इंजीनियरिंग और बहुतकनीकी संस्थान) में सेमीकंडक्टर तथा भारत में ऐसी अन्य सुविधाओं में उपलब्ध प्रशिक्षण अवसंरचना जुटाने के लिए अनुकूल पाठ्यक्रम सम्मिश्रण की पहचान करना।

iv. समिति ने भारत सेमिकंडक्टर प्रणाली तंत्र कार्यबल विकास रणनीति रिपोर्ट के लिए ड्राफ्ट फ्रेमवर्क की संरचना को अंतिम रूप दिया है और इसके विकास के संबंध में सुझाव पर चर्चा की गई थी। यह रिपोर्ट अंतिम रूप दिए जाने की प्रक्रिया में है।

17.5.3 **परिषद् ने राष्ट्रीय स्तर के फ्रेमवर्क तैयार करने और अन्तिम रूप देने में प्रणाली तंत्र की सहायता में एनसीवीईटी की भागीदारी की सराहना की।**

कार्यसूची मद 18 : सलाहकार ग्रेड-II के पारिश्रमिक की वार्षिक समीक्षा के संबंध में

18.1 परिषद् को यह अवगत कराया गया था कि दो वरिष्ठ सलाहकारों, श्री शौर्य संगम और सुश्री सारिका दीक्षित को 03/02/2023 से सलाहकार ग्रेड II के रूप में शुरुआत में दो वर्षों की अवधि के लिए, 1,45,000/- प्रति माह, प्रत्येक के समेकित पारिश्रमिक पर नियुक्त किया था, जिसे श्री शौर्य संगम के मामले में 1,58,200/- प्रति माह और सुश्री सारिका दीक्षित के संबंध में 1,51,800/- प्रति माह के पारिश्रमिक के साथ, उनकी सलाहकार ग्रेड-II के रूप में प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख से आगे संशोधित किया गया था। दोनों ने 02/02/2024 को एक वर्ष पूरा कर लिया है।

18.2 एनसीवीईटी में सलाहकारों की नियुक्ति के लिए मौजूदा प्रक्रिया और दिशानिर्देशों के पैरा 6.3(क) (नीति आयोग के अंगीकृत दिशानिर्देशों में, यह प्रावधान है कि यदि अनुबंध एक वर्ष से अधिक की अवधि का है, तो एक वर्ष पूरा होने के बाद वार्षिक आधार पर, सलाहकार के

पारिश्रमिक की समीक्षा की जा सकती है)। पारिश्रमिक में बढ़ोतरी समीक्षा समिति की सिफारिश के बाद और एनसीवीईटी के अध्यक्ष द्वारा विधिवत अनुमोदन के बाद रिपोर्टिंग अवधि के दौरान संबंधित सलाहकार के कार्य प्रदर्शन के आधा पर की जा सकती है। यह वृद्धि सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से पारिश्रमिक के 10% तक होगी।

18.3 तदनुसार, एक वर्ष पूरा होने के बार एनसीवीईटी में अनुबंधित सभी सलाहकारों/ युवा पेशवरों के पारिश्रमिक की समीक्षा करने के लिए और एनसीवीईटी में सलाहकारों/ युवा पेशवरों की नियुक्ति के लिए मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार सलाहकारों/ युवा पेशेवरों के पारिश्रमिक में वार्षिक वृद्धि की सिफारिश करने के लिए दिनांक 28.09.2022 के आदेश सं. 11001/21/2019/एनसीवीईटी/1215 के तहत एक समिति गठित की गई थी। समिति की संरचना इस प्रकार है :-

(क) डॉ. विनीता अग्रवाल - कार्यकारी सदस्य, सदस्य

(ख) डॉ. नीना पाहुजा - कार्यकारी सदस्य, सदस्य

(ग) कर्नल संतोष कुमार - सदस्य सचिव एवं निदेशक

18.4 परिषद् को यह सूचित किया गया था कि एनसीवीईटी को दिनांक 27/02/2024 के आवेदन के तहत वर्तमान 10% की बजाय उनका पारिश्रमिक 20% बढ़ाने पर विचार करने का अनुरोध के साथ श्री शौर्य संगम और सुश्री सारिका दीक्षित से एक लिखित पत्र के तहत अनुरोध प्राप्त हुआ था।

18.5 तदनुसार, श्री शौर्य संगम और सुश्री सारिका दीक्षित, दोनों सलाहकार ग्रेड-II के संबंध में रिपोर्टिंग वर्ष 2023-2024 के लिए वार्षिक कार्य-निष्पादन रिपोर्ट को, उपरोक्त प्रक्रिया के पैरा 6.3(क), 6.3(ख) और 6.3(ग) तथा दिशानिर्देशों में निहित प्रावधानों के अनुसार उनके पारिश्रमिक की समीक्षा के लिए स्थायी समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया था। इन दो सलाहकारों से उनके पारिश्रमिक में वर्तमान 10% की सीमा से अधिक वृद्धि के लिए

प्राप्त आवेदनों/ अनुरोधों को इस संबंध में समुचित सिफारिशें करने के लिए समिति के समक्ष विचारार्थ भी रखा गया था।

18.6 समिति ने दोनों सलाहकारों का प्रदर्शन मूल्यांकन करने के बाद अपनी रिपोर्ट/ सिफारिश प्रस्तुत की थी और दोनों सलाहकारों के पारिश्रमिक में 10% वार्षिक की वृद्धि की सिफारिश की थी।

18.7 इसके अलावा, नीति आयोग के दिशानिर्देशों द्वारा निर्धारित वार्षिक वृद्धि से आगे जाकर, समिति ने **एनसीआरएफ और संगत एसओपी, एबीसी, एमएनसी दिशानिर्देशों और अन्य जैसी विगत एक वर्ष में कुछ महत्वपूर्ण प्रभावकारी परिवर्तनों वाली राष्ट्रीय नीतियों में उनके महत्वपूर्ण योगदान** और आदेश जारी होने की तारीख से एनसीवीईटी में कम से कम 06 माह की निरंतर सेवा के प्रावधान के साथ, इन दोनों सलाहकारों के संबंध में अतिरिक्त 5% की वृद्धि अर्थात एक वर्ष पूरा होने की तारीख से कुल 15% की वार्षिक वृद्धि की भी सिफारिश की थी।

18.8 परिषद् ने उपरोक्त प्रस्ताव पर विचार किया और उसे अनुमोदित किया। उक्त सलाहकारों द्वारा 6 माह की अवधि से पूर्व कार्यालय को त्यागने के मामले में, अतिरिक्त 5% की प्रदान की गई वृद्धि (अर्थात 10% से आगे वृद्धि) को वापस करना जरूरी होगा।

कार्यसूची मद 19 : प्रशासन और वित्त विंग, एनसीवीईटी से संबंधित मामले

19.1 : श्री अमीर वाहिद, सलाहकार ग्रेड-I, एनसीवीईटी द्वारा त्याग-पत्र से पूर्व की नोटिस अवधि को आंशिक रूप से माफ करना

19.1.1 परिषद् को यह अवगत कराया गया था कि एनसीवीईटी के दिनांक 16.03.2022 को हुई अपनी 5वीं परिषद् बैठक में एनसीवीईटी में सलाहकारों की नियुक्ति के लिए नीति आयोग के

दिशानिर्देशों और क्लॉज 3.9 के अनुसार, "व्यक्तिगत सलाहकार नीति आयोग को एक माह का नोटिस देकर अनुबंध को समाप्त करने की भी मांग कर सकता है" को अपनाया है।

19.1.2 परिषद् को यह भी सूचित किया गया था कि श्री अमीर वाहिद, सलाहकार ग्रेड-I, एनसीवीईटी ने अपने दिनांक 12.03.2024 के ईमेल पत्र के तहत सलाहकार ग्रेड-I के पद से अपना त्याग-पत्र प्रस्तुत किया था, जिसमें उन्होंने **पिता की अचानक हुई मृत्यु के कारण घर पर अप्रत्याशित घरेलू समस्याओं** का उल्लेख किया था और उपरोक्त परिस्थितियों को देखते हुए नोटिस अवधि को माफ करने पर विचार करने का अनुरोध था। श्री वाहिद ने पुन: अपने दिनांक 15.03.2024 के औपचारिक पत्र के तहत अनुबंध की समाप्ति के लिए अपने एक माह के नोटिस की अवधि में 11 दिनों की कमी को माफ करके 31/03/2024 को उन्हें कार्यमुक्त करने का अनुरोध किया था।

19.1.3 सक्षम प्राधिकारी ने श्री अमीर वाहिद, सलाहकार ग्रेड-I की त्याग-पत्र की बाध्यकारी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उनका त्यागपत्र स्वीकार कर लिया था और उन्हें नोटिस अवधि में 11 दिनों की कमी को माफ करते हुए दिनांक 31/03/2024 (अपराह्न) को कार्यमुक्त करने के लिए अनुमोदन प्रदान किया।

19.1.4 तथापि, कुछ अपरिहार्य/ आकस्मिक परिस्थितियों के कारण, श्री अमीर वाहिद ने दिनांक 22/03/2024 को एनसीवीईटी में अन्तिम बार उपस्थिति दी थी, अत: उन्हें 31/03/2024 को कार्यमुक्त करने के अनुमोदन की तारीख से 09 दिनों के अन्य कमी के परिणामस्वरूप 22.03.2024 को एनसीवीईटी से कार्यमुक्त किया गया है, जिसे उनके वेतन के अन्तिम निपटान कर उनके बकाया अवकाश/ वेतन से समायोजित किया जा रहा है। परिषद् से उनके एक पूरे माह की नोटिस अवधि के लिए 11 दिनों की कमी को माफ करने पर विचार करने का अनुरोध किया था।

परिषद् ने उपरोक्त प्रस्ताव पर विचार किया और उसे अनुमोदित किया।

19.2: एनसीवीईटी में अनुसंधान सहायक के एक पद को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरना

19.2.1 परिषद् को संक्षेप में यह अवगत कराया गया था कि एनसीवीईटी में अनुसंधान सहायक का एक नियमित पद सेवा से अनिवार्य सेवानिवृत्ति की बड़ी शास्ति लगाए जाने के दिनांक 21.04.2023 के शास्ति आदेश के खिलाफ दिनांक 07.05.2023 की अपील का अन्तिम रूप से निपटान होने के बाद 31.01.2024 से रिक्त है।

19.2.2 यह भी सूचित किया गया था कि वर्तमान में आरोपित अधिकारी ने मामले में एक न्यायिक मामला दायर किया है। चूंकि मामला दिल्ली उच्च न्यायालय में इस समय न्यायाधीन है, अत: रिक्त पद को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने के लिए प्रस्तुत किया गया था ताकि पद को 'समाप्त माना गया' होने से बचाया जा सके, क्योंकि 12 पद पहले ही 'समाप्त माने गए' हो चुके हैं और उनकी बहाली के लिए प्रस्ताव व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय को एमएसडीई के माध्यम से भेजा गया है।

19.2.3 **परिषद् ने उपरोक्त प्रस्ताव पर विचार किया और उसे अनुमोदित किया।**

19.3 : जेम के माध्यम से शामिल सप्लाई वेंडर के नए मैनपावर संसाधनों के द्वारा मौजूदा मैनपावर संसाधनों को जारी रखना

19.3.1 परिषद् को यह अवगत कराया गया था कि एनसीवीईटी में चूंकि निम्नलिखित मौजूदा मैनपावर का अनुबंध माह जून, 2024 में पूरा हो रहा है, अत: आउटसोर्स मैनपावर संसाधनों की निम्नलिखित श्रेणियों के लिए सप्लाई वेंडर के नए मैनपावर संसाधनों के चयन के लिए जेम पर बोली डालने की प्रक्रिया चल रही है :-

क) कार्यालय सहायक
ख) लेखा सहायक
ग) डेटा इन्ट्री ऑपरेटर (स्नातक स्तर)

घ) स्टॉफ कार ड्राइवर

ड.) एमटीएस

च) हाउस कीपिंग

19.3.2 परिषद् को यह अवगत कराया गया था कि चूंकि जेम के नए इन्टरफेस पर क्रेता द्वारा मौजूदा मैनपावर संसाधनों को आगे बढ़ाने का विकल्प दिया गया है, अत: मौजूदा मैनपावर संसाधनों को, संबंधित वर्टिकल/ रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा प्रत्येक पदधारी का संतोषजनक कार्य निष्पादन पूरा होने पर, जेम पर बोली डालते समय उन्हें जारी रखने का विकल्प अपनाने का प्रस्ताव है, ताकि अबाध और सुचारु कार्यकरण हो, क्योंकि मौजूदा मैनपावर के स्थान पर नए पदधारी को रखने से एनसीवीईटी के कार्यकरण पर अवरोध आ सकता है, क्योंकि उन्हें एनसीवीईटी की कार्यात्मक अपेक्षाओं से परिचित कराने में काफी समय लग सकता है।

19.3.3 **परिषद् ने उपरोक्त प्रस्ताव पर विचार किया और जेम पोर्टल पर नए टेंडर के लिए जाते समय मैजूदा प्रशिक्षित मैनपावर को जारी रखने के संबंध में एक क्लॉज शामिल करने के लिए अनुमोदन दिया।**

19.4 : ई-ऑफिस सिस्टम का कार्यान्वयन करना, मौजूदा रिकॉर्ड का डिजिटाइजेशन करना और एनसीवीईटी के पुराने भौतिक दस्तावेज़ों/फाइलों को नष्ट करने के लिए नीति बनाना

19.4.1 परिषद् को संक्षेप में यह बताया गया था कि एमएसडीई ने कार्यालय के डिजिटाइजेशन सहित विभिन्न योजनाओं/ क्रियाकलापों पर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए स्वच्छता कार्य योजना तैयार की है। तदनुसार, एनसीवीईटी का ई-ऑफिस सिस्टम को कार्यान्वित करके कागज रहित कार्यालय मोड के लिए आगे कार्रवाई करने का प्रस्ताव है।

19.4.2 इसके अतिरिक्त, एनसीवीईटी में मौजूदा भौतिक रिकॉर्ड का डिजिटाइजेशन करने की योजना बनाई गई है। एनसीवीईटी ने सभी भौतिक दस्तावेजों के श्रेणीकरण, उनको रखने/ नष्ट करने

के संबंध में समीक्षा की है। एनसीवीईटी में एनसीवीईटी द्वारा रखे जा रहे विभिन्न श्रेणियों के दस्तावेजों को नष्ट करने के लिए आन्तरिक नीति तैयार करने की प्रक्रिया भी चल रही है।

19.4.3 प्रस्ताव को परिषद् के समक्ष प्रस्तुत किया गया था ताकि अलग ई-ऑफिस सॉफ्टवेयर की खरीद के लिए और जीएफआर/ जेम के प्रावधानों के अनुसार रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण करने और सरकार की समग्र नीति के आलोक में एनसीवीईटी द्वारा रखे जा रहे दस्तावेजों की विभिन्न श्रेणियों के लिए अलग से नष्ट करने संबंधी नीति तैयार करने के लिए प्रक्रिया शुरु करने का अनुमोदन प्रदान करने पर विचार करें।

परिषद् ने उपरोक्त प्रस्ताव पर विचार किया और उसे अनुमोदित किया।

19.5: एनसीवीईटी में दैनिक कार्य के लिए अग्रिम धनराशि में संशोधन करना

19.5.1 परिषद् को यह अवगत कराया गया था कि एबी और एए की मान्यता, अर्हताओं के अनुमोदन, कौशल व्यवस्था के नियमन के लिए विभिन्न दिशानिर्देशों के विकास आदि के संदर्भ में किए जा रहे कार्यों के अनुसरण में अवार्डिंग निकायों/ हितधारकों के साथ फिजिकल बैठकें और बातचीत समय पर अनुमोदनों के लिए लगभग प्रति दिन की जा रही है। इसके अलावा, विभिन्न नियामक निकायों के दिशानिर्देशों पर समितियों, अवार्डिंग निकायों और मूल्यांकन एजेंसियों के रूप में मान्यता के लिए आवेदन करने वाली एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ नियमित रूप से बैठकें आयोजित की जा रही है ताकि इस संबंध में दस्तावेजीकरण प्रक्रिया के संदर्भ में सहायता हो सके।

19.5.2 उपरोक्त के अतिरिक्त, विभिन्न पात्र संस्थाओं को अवार्डिंग निकायों/ मूल्यांकन एजेंसियों का दर्जा प्रदान करने के लिए उप-समिति की बैठकों और करार हस्ताक्षर के लिए नियमित बैठकें की जा रही हैं। इसके अलावा, विभिन्न सरकारी संगठनों/ संस्थानों और राज्य सरकार के

प्रतिनिधियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि इन संस्थाओं को एनईपी 2020 के अन्तर्गत एनसीआरएफ/ एनएसक्यूएफ के साथ संरेखित किया जा सके।

19.5.3 परिषद् को यह जानकारी दी गई थी कि वर्तमान में अग्रिम राशि की सीमा 25,000 रु. है और सभी आतिथ्य व्यय एनसीवीईटी की अग्रिम राशि से किए जा रहे हैं। आतिथ्य व्ययों के अलावा, अन्य विविध अत्यावश्यक व्यय भी इस अग्रिम राशि से किए जा रहे हैं। यह पाया गया है कि 25,000 रु. की वर्तमान सीमा एनसीवीईटी की बढ़ी हुई कार्यात्मक अपेक्षा को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है क्योंकि लगभग एकान्तर दिन पुनर्प्राप्ति की प्रक्रिया करनी आवश्यक होती है।

19.5.4 तदनुसार, आतिथ्य और अन्य तात्कालिक व्ययों को पूरा करने की कार्यात्मक आवश्यकता पर विचार करते हुए और कम से कम साप्ताहिक आधार पर पुनर्प्राप्ति की प्रक्रिया करने की जरूरत को देखते हुए, परिषद् से अनुरोध किया गया था कि 20,000/- की सिंगल वाउचर की अधिकतम सीमा के साथ 1,00,000/- (एक लाख रु.) की अग्रिम राशि की सीमा को बढ़ाने पर विचार किया जाए।

19.5.5. **परिषद् ने उपरोक्त प्रस्ताव पर विचार किया और इसे अनुमोदित किया।**

19.6: एनसीवीईटी में वर्चुअल माध्यम से इंटर्न को लगाने का प्रावधान

19.6.1 परिषद् को यह जानकारी दी गई थी कि (7वीं) परिषद् बैठक में, जो 12.12.2022 को हुई थी, एनसीवीईटी में इंटर्नशिप के लिए न्यूनतम पात्रता मानदंड में, अन्य संशोधनों के अलावा, "स्नातक (अंतिम वर्ष) करने वाले अथवा स्नातक पूरा करने वाले अभ्यर्थियों" के रूप में संशोधन/ समावेशन किया गया था। परिषद् ने यह भी अपेक्षा व्यक्त की कि इंटर्नशिप की नीति में आगे कोई भी परिवर्तन, आवश्यकता के आधार पर अध्यक्ष के अनुमोदन से किया जाएगा, जिसे परिषद् द्वारा पुष्टि कराई जानी है।

19.6.2 तदोपरांत, परिषद् ने अपनी आठवीं (8वीं) बैठक में, जो 20 मार्च, 2023 को हुई थी, यह अवगत कराया था कि कुछ इंटर्न आवेदकों से वर्चुअल ऑनलाइन माध्यम पर उन्हें इंटर्नशिप की अनुमति देने का अनुरोध किया गया है। मामले पर एनसीवीईटी में चर्चा की गई थी और परिषद् ने निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने के अध्यधीन वर्चुअल इंटर्न की लगाने की पुष्टि की :

क) "इंटर्न" इंटर्नशिप दिशानिर्देशों के अनुसार अन्यथा पात्र हों।

ख) वर्चुअल माध्यम पर कार्य करने वाले इंटर्न को एनसीवीईटी द्वारा कोई इंटर्नशिप राशि भुगतान नहीं की जाएगी।

ग) यह एनसीवीईटी परिषद् द्वारा अनुमोदित कुल 10 इंटर्न के अलावा होंगे।

घ) वर्चुअल इंटर्न को मापनयोग्य आउटपुट के साथ विशिष्ट परियोजना दी जाएगी।

ड.) इंटर्नशिप प्रमाणपत्र, परियोजना सफलतापूर्वक पूरी होने और संबंधित निदेशक द्वारा इसका मूल्यांकन पूरा होने के अध्यधीन जारी किया जाएगा।

19.6.3 स्नातक (अंतिम वर्ष) करने के लिए न्यूनतम पात्रता मानदंड में छूट देकर 04 वर्षीय बी.टेक. कार्यक्रम के दो 3 वर्षीय छात्रों की वर्चुअल/ ऑनलाइन इंटर्नशिप के लिए अनुरोध स्वीकार कर लिया गया है और एनसीवीईटी परिषद् द्वारा 21 फरवरी, 2024 को आयोजित अपनी अंतिम बैठक में उसकी पुष्टि की गई है।

19.6.4 परिषद् को यह अवगत कराया गया था कि वर्तमान में, एक और छात्र नामत: श्री गर्वित सिंघल, चार (04) वर्षीय प्रौद्योगिकी, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी के तृतीय वर्ष के छात्र ने दो माह के वर्चुअल/ ऑनलाइन इंटर्नशिप के लिए अनुरोध किया है। उसकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि और मैकेनिकल इंजीनियरिंग इंटर्न पृष्ठभूमि की अपेक्षा पर विचार

करते हुए, यह प्रस्ताव है कि श्री गर्वित सिंघल का स्नातक (अंतिम वर्ष) करने की न्यूनतम पात्रता के मानदंड में छूट प्रदान करते हुए अनुरोध पर विचार किया जाए।

परिषद् ने प्रस्ताव को अनुमोदित किया और यह सुझाव दिया कि ऐसे सभी प्रतिभावान छात्रों, जो विभिन्न कौशल पहलों के लिए योगदान करने के लिए इच्छुक और योग्य हैं, इंटर्नशिप के अवसर (वर्चुअल मोड में) प्रदान करने का सुझाव दिया। उन छात्रों के लिए शैक्षणिक स्तर/ स्थिति पर अध्यक्ष के स्तर पर निर्णय लिया जा सकता है। इस संबंध में आवश्यक संशोधनों को भी दिशानिर्देशों में शामिल किया गया है।

कार्यसूची मद 20: अध्यक्ष, एनसीवीईटी की अनुमति से कोई अन्य कार्यसूची

20.1: नीति आयोग 2023 में वरिष्ठ परामर्शदता/ सलाहकार ग्रेड-II/ सलाहकार ग्रेड-I/ युवा पेशवर की नियुक्ति के लिए समुचित परिवर्तनों के साथ नवीनतम प्रक्रिया और दिशानिर्देशों को अपनाना

20.1.1 परिषद् को यह अवगत कराया गया था कि एनसीवीईटी ने अपनी दिनांक 16 मार्च, 2022 को हुई 5वीं बैठक में सलाहकारों/ वरिष्ठ सलाहकार/ युवा पेशेवरों की नियुक्ति के लिए नीति आयोग के मार्गनिर्देशों से प्रक्रिया को अपनाने के लिए अनुमोदन प्रदान किया था। एनसीवीईटी ने दिनांक 28.04.2022 के एनसीवीईटी का.ज्ञा.सं. 11001/02/2022/एनसीवीईटी/964 के तहत दिशानिर्देशों में सेशोधन होने के समय तक अथवा नए दिशानिर्देश जारी होने तक के लिए अधिसूचित किया था।

20.1.2 इसके अलावा, परिषद् को यह जानकारी दी गई थी कि नीति आयोग ने दिनांक 7 जुलाई, 2023 के परिपत्र सं. ए-12036/2/23-प्रशा.Iबी के तहत संशोधित दिशानिर्देश और दिनांक 7 दिसंबर, 2021 को जारी पहले के दिशानिर्देशों के अधिक्रमण में वरिष्ठ सलाहकारों/ सलाहकार ग्रेड-II/ सलाहकार ग्रेड-I/ युवा पेशेवरों की नियुक्ति की प्रक्रिया को प्रकाशित किया है।

20.1.3 उपरोक्त कार्रवाई को देखते हुए, परिषद् के समक्ष सलाहकारों/ युवा पेशेवरों को हायर करने के लिए यथा अपेक्षित उपयुक्त परिवर्तनों के साथ नीति आयोग के नवीनतम दिशानिर्देशों को अपनाने के लिए प्रस्ताव पर विचार करने का प्रस्ताव किया गया था।

20.1.4 **परिषद् ने संशोधित नीति आयोग दिशानिर्देशों को अपनाने के लिए अनुमोदन प्रदान किया। इसके अलावा, परिषद् सदस्य ने यह सुझाव दिया कि पद/ जॉब भूमिकाओं को सलाहकारों/ युवा पेशेवरों के अधिक अनुकूल बनाने और युवा पेशेवरों जैसे नामकरण बदलकर उन्हें आकांक्षी और अधिक आकर्षक बनाने के लिए सहायक प्रबंधक आदि जैसे कार्यात्मक आधार के नाम रखे जाएं।**

20.2 परिषद् के अध्यक्ष/ कार्यकारी सदस्यों द्वारा व्याख्यान/ कार्यशाला जैसे मानद कार्य करने की अनुमति देना, क्योंकि यह अध्यक्ष/ कार्यकारी निदेशक के रूप में उनके कर्त्तव्य के अनुसार नहीं है।

20.2.1 परिषद् को संक्षेप में यह अवगत कराया गया था कि क्लॉज 6(2) के अन्तर्गत एनसीवीईटी राजपत्र अधिसूचना में यह उल्लेख किया गया है कि *"परिषद् एक कार्यकारी सदस्य को लिखित में ऐसे मानद कार्य करने की अनुमति दे सकती है, जो कार्यकारी सदस्य के रूप में उसके कर्त्तव्य के अनुसार न होने की संभावना है।"*

20.2.2 अध्यक्ष और ईएम, एनसीवीईटी को विभिन्न प्रतिष्ठित सरकारी/ गैर सरकारी संस्थाओं और शिक्षा, उद्योग व कौशल व्यवस्था की संस्थाओं द्वारा व्याख्यान देने/ प्रतिष्ठित पैनलिस्ट बनाने/ स्पीकर/ कार्यशाला/ सेमिनार, टीम शिक्षा पाठ्यक्रमों के आयोजन अथवा पुस्तकें लिखने/ प्रकाशनों, मानद अथवा संबद्ध प्रोफेसर आदि बनने के लिए नियमित रूप से आमंत्रित किया जा रहा है।

20.2.3 तदनुसार, परिषद् के समक्ष यह प्रस्ताव किया गया था कि एनसीवीईटी के अध्यक्ष और कार्यकारी सदस्यों को मानद आधार पर उपरोक्त क्रियाकलापों को करने के लिए अनुमति देने

पर विचार करें और अनुमोदन प्रदान करें, बशर्ते एनसीवीईटी के कार्य और उद्देश्यों के साथ कोई हित टकराव न हो।

20.2.3.परिषद् ने उपरोक्त प्रस्ताव पर विचार किया और अनुमोदित किया।

20.3 निर्माण ग्रेड-I के पारिश्रमिक की वार्षिक समीक्षा के संबंध में

20.3.1 परिषद् को यह अवगत कराया गया था कि सुश्री शीतल भंडारी को दिनांक 4 जनवरी, 2023 से अनुबंध आधार पर सलाहकार ग्रेड-I के रूप में अनुबंधित किया गया था। सलाहकार ने दिनांक 15 मार्च, 2023 को अपनी प्रोफाइल, अनुभव और अपने पिछले संगठन के वेतन/ भुगतान को देखते हुए अपना पारिश्रमिक बढ़ाने के लिए निवेदन किया था।

20.3.3 तदनुसार, सलाहकार के अनुरोध की समीक्षा करने के लिए, यह निर्णय लिया गया कि उनके प्रतिवेदन पर उनके वर्तमान वेतन का अपेक्षित साक्ष्य प्रस्तुत किए जाने के अध्यधीन समिति के समक्ष उपयुक्त सिफारिशें/ निर्णय के लिए विचार किया जाएगा। साक्ष्य प्रस्तुत किए जाने के बाद, दिनांक 28.09.2022 के आदेश के तहत गठित एक आंतरिक सदस्य के साथ गठित स्थायी समिति की एक बैठक 28 मई 2024 को आयोजित की गई ताकि सलाहकार के अनुरोध पर विचार किया जा सके और यह निर्णय लिया गया था कि इस विलंब की अवस्था में आधार वेतन बढ़ाना उपयुक्त नहीं होगा। तथापि, विगत एक वर्ष में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए, मामला परिषद् के समक्ष 1.35 गुणा तक पारिश्रमिक वृद्धि के लिए विचारार्थ प्रस्तुत किया गया था, जो कि नीति आयोग के नए दिशानिर्देशों, जो एनसीवीईटी द्वारा अपनाए गए थे, के अनुसार 11वीं परिषद् बैठक में परिषद् द्वारा अनुमोदित किया गया।

20.3.4 तदनुसार, परिषद् के समक्ष यह प्रस्ताव किया गया था कि उनका मौजूदा पारिश्रमिक को 80,000/- से 1.35 गुणा बढ़ाया जाए और विगत एक वर्ष की वार्षिक कार्य-निष्पादन

मूल्यांकन समीक्षा (एपीएआर) के आधार पर विचार करने की तिथि से फरवरी, 2024 से 1,08,000/- पर निर्धारित किया जाए।

20.3.5 परिषद् ने उनके द्वारा उनकी नियुक्ति के बाद पिछले वर्ष में, विशेष रूप से आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रकाशन एवं अन्य क्रियाकलापों में उल्लेखनीय वृद्धि किए जाने का उत्कृष्ट कार्य पूरा किए जाने को नोट किया और नीति आयोग के संशोधित दिशानिर्देशों के प्रावधानों के तहत उपरोक्त प्रस्ताव पर पारिश्रमिक बढ़ाने का अनुमोदन प्रदान किया।

अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई।

****

Annexure I

Name of Member	Designation	Remarks
1. Dr. Nirmaljeet Singh Kalsi	Chairperson, NCVET	Attended Physically
2. Dr. Vinita Aggarwal	Executive Member, NCVET	Attended Physically
3. Dr. Neena Pahuja	Executive Member, NCVET	Attended Physically
4. Shri Nilambuj Sharan	Non-Executive Member, NCVET & Senior EA, MSDE	Attended Physically
5. Dr. Rajneesh, IAS	Non-Executive Member, NCVET & Additional Secretary and Development Commissioner, Ministry of MSME	Attended Physically
6. Shri. Abhishek Singh	Non-Executive Member, NCVET and Additional Secretary, MEITY	Attended Physically
7. Shri Govind Jaiswal, IAS	Non-Executive Member, NCVET & Joint Secretary, Dept of Higher Education.	Attended in Online mode
8. Col. Santosh Kumar	Director, NCVET & Secretary to the Council	Attended Physically
9. Col. Gunjan Chowdhary	Director, NCVET	Attended Physically
10. Dr. Suhas Deshmukh	Director, NCVET	Attended Physically
11. Shri Purnendu Kant	Director, NCVET	Attended Physically

Annexure II

Sl. No.	ATR Agenda	Decision of Council in 10th meeting of NCVET Council	Action Taken
2.1	**Agenda Item 6**: Finalization and Approval of **SOPs for operationalization and implementation of National Credit Framework (NCrF)** in Vocational Education, Training and Skilling (VETS) including in Higher Education (HE) and School Education (SE) after due Public Consultation.	All three SOPs were to be shared with Council members for any additional inputs/suggestions	Compliance has been met. All three SOPs have been shared with the Council members via email dated 16th May 2024.
2.2	**Agenda Item 7:** Reporting on the status of the development of **Guidelines on Digital Content Creation and Quality framework"** and seeking council approval for public consultation, finalization and notification.	The Council had accorded approval to upload on the website for public consultation with a copy to the major stakeholders. The Council members were also requested to share their comments/feedback which may be incorporated in the guidelines.	Compliance has been met and is being presented as a separate agenda for the ratification.
2.3	**Agenda Item 8**: Reporting on the status of the development of **Guidelines for Information & Data Security** for internal use of NCVET and approval for public consultation, finalization and notification	The Council had accorded approval to upload the guidelines on the website for public consultation with a copy to the major stakeholders. The Council members were also requested to share their comments/feedback which may be incorporated in the guidelines.	Compliance has been met and is being presented as a separate agenda for the ratification.
2.4	**Agenda Item 9:** Reporting on the status of the development of **Guidelines for providing Comprehensive Accessibility Standards for the training of Persons with Disabilities** and approval for public consultation, finalization and Gazette Notification.	The Council members were requested to share their comments/feedback which may be incorporated in the guidelines before notification.	No additional comments have been received from the council members. The final Guidelines after incorporating all the comments received have been notified on the website on 2.4.2024.
2.5	**Agenda Item 10:** Reporting the status of the comprehensive revision of the **Guidelines or Recognition and regulation of Awarding Bodies** in alignment with NEP 2020 and National Credit Framework (NCrF) and	The Council had directed to circulate the final comprehensively revised guidelines among the members before notification.	The draft Guidelines was shared with all the Council members vide email dated 10.05.2024 and also uploaded on the NCVET website for wide public consultation on 09.05.2024 for a minimum period of 21

	National Skill Qualification Framework (NSQF).		days i.e., from 09.05.2024 to 29.05.2024, and is being **presented as a separate agenda for approval.**
